संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 09 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 156 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिपः स्टीव स्मिथ ने टेस्ट करियर का 31वां शतक जमाया।

## मणिपुर में सेना ने चलाया सर्च ऑपरेशन



**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**
**मणिपुर** में 3 मई से हो रही हिंसा को लेकर पहाड़ी और घाटी इलाके में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। एक जॉइंट कॉम्बिंग ऑपरेशन में सेना के जवानों और पुलिस बल ने 29 हथियार बरामद किए हैं। सेना की स्पीयर कोर विंग ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बरामद हथियारों में ज्यादातर ऑटोमैटिक हथियार हैं। वहीं कुछ मोर्टार, हैंडग्रेनेड और जंगी सामान भी बरामद किया गया है।

इससे एक दिन पहले, मणिपुर सरकार के सिक्योरिटी एडवाइजर कुलदीप सिंह ने बताया था कि पिछले 24 घंटों के दौरान इंफाल ईस्ट के पोरोमपत और काकचिंग जिले के सुगनू से कुल 57 हथियार, 318 गोला बारूद और पांच बम बरामद किए गए हैं।

## सांसद अविनाश रेड्डी की अग्रिम जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के भाई विवेकानंद रेड्डी हत्या मामले के आरोपित वाईएसआर कांग्रेस के सांसद अविनाश रेड्डी को मिली अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

याचिका विवेकानंद रेड्डी की बेटी एन सुनीता रेड्डी ने दायर की है। तेलंगाना हाई कोर्ट ने 31 मई को अविनाश रेड्डी को अग्रिम जमानत दी थी। हाई कोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। अविनाश रेड्डी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। अविनाश रेड्डी को तीन बार पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया लेकिन वह एक बार भी सीबीआई के समक्ष पेश नहीं हुए। सीबीआई अविनाश रेड्डी को गिरफ्तार करना चाहती है लेकिन उन्हें इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जा सका है, क्योंकि जिस अस्पताल में वे मौजूद हैं।

## मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता भारत में होगी



**नई दिल्ली**ः मिस वर्ल्ड 2023 इस बार भारत में होगा। ये जानकारी मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ने दी है। प्रतियोगिता में 130 देशों की सुंदरियां भाग लेंगी। एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का फाइनल राउंड नवंबर- दिसंबर में होगा। यह दूसरा मौका है, जब भारत को मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। पहली बार 1996 में भारत में इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।

मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन और सीईओ जूलिया मॉर्ले ने गुरुवार को दिल्ली में कहा- मुझे ये बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मिस वर्ल्ड का 71वां एडिशन भारत में होगा।

मैं 30 साल की थी तब भारत आई थी और तब से मुझे भारत और यहां के लोगों से काफी लगाव है।

## पुल के पिलर से रेस्क्यू किए गए बच्चे की मौत



**सासाराम (रोहतास)** : बिहार में रोहतास जिले में सोन नदी पर बने पुल के दो पिलर के बीच फंसे 11 साल के बच्चे की रेस्क्यू के बाद मौत हो गई है। 25 घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे बाहर निकाला गया। बच्चे को गंभीर हालत में सासाराम सदर अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे पहले एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के 3 अफसर और 35 जवानों ने 25 घंटे तक रेस्क्यू चलाया। बच्चे का नाम रंजन कुमार था। उसे बुधवार सुबह 11 बजे पिलर के गैप में देखा गया था। शाम 4 बजे से उसका रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था। गुरुवार सुबह उसे बांस की मदद से खाना दिया गया। पाइप से ऑक्सीजन दी गई। पहले पिलर में तीन फीट चौड़ा होल किया गया, लेकिन रेस्क्यू में फिर दिक्कत आ गई। फिर स्लैब को तोड़कर शाम करीब पांच बजे निकाला गया।

# नए भारत की गवाही बनेगी मोदी की यूएस यात्रा

### बढ़ेगा रणनीतिक साझेदारी का दायरा, पीएम दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 21 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी आगामी आधिकारिक यात्रा के दौरान दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी को दिया गया निमंत्रण संयुक्त राज्य अमेरिका में द्विदलीय सम्मान और समर्थन को दर्शाता है। अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बाद दूसरे नंबर पर हैं। नेतन्याहू ने यह सम्मान तीन बार हासिल किया है।

**जिल बाइडेन करेंगी राजकीय रात्रिभोज की मेजबानीः** उल्लेखनीय है कि एक डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडेन भारत के प्रधानमंत्री को व्हाइट हाउस के राज्य रात्रिभोज के लिए आमंत्रित कर रहे हैं , जबकि एक गणतंत्र अध्यक्ष ने उन्हें भारत-अमेरिका संबंधों को बढ़ाने के लिए द्विदलीय समर्थन का संकेत देते हुए कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए कहा है। पीएम मोदी को यह सम्मान दर्शाता है कि इस प्रकार का अवसर केवल अमेरिका के निकटतम सहयोगियों को ही दिया जाता है। उनके आगमन पर, मोदी का आधिकारिक स्वागत किया जाएगा और वे द्विपक्षीय बैठकें और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडेन उनके सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। मॉडर्न डिप्लोमेसी.ईयू ने इस बात का खंडन करते हुए कहा कि केवल संयुक्त राज्य अमेरिका के निकटतम सहयोगियों को दिए गए एकमात्र अवसर में, मोदी अनेरिका की अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। लगभग एक दशक पहले नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका-भारत संबंध तेजी से बढ़े हैं , अमेरिका के साथ सुरक्षा और आर्थिक संबंध स्पष्ट रूप से बढ़े हैं, साथ ही व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को सीमित करने वाले साझा हितों के आसपास आतंकवाद जैसे सुरक्षा सहयोग को गहरा किया है। बाइडेन प्रशासन ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के दायरे को और व्यापक बनाने और दो दशकों के गहन रणनीतिक संबंधों के बाद एक साझा सुरक्षा संरचना में भारत के एकीकरण को गहरा करने की मांग की है।



**सैन्य सह-विकास के लिए मोदी की अहम यात्रा**

1963 में राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन और 2009 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बाद से कभी भी किसी नेता को अमेरिका की राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति ओबामा द्वारा पीएम सिंह के लिए आयोजित राजकीय रात्रिभोज के दौरान, दोनों नेताओं ने एक भविष्य के बारे में बात की। "मोदी की राजकीय यात्रा भी अमेरिका के किसी भी नेता की सबसे लंबी यात्रा होगी। इसलिए, कई मायनों में, यह यात्रा उस प्रमुखता का एक महत्वपूर्ण संकेत है जो अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों के अनुरूप है। ईयू ने इसका विरोध किया। मोदी की राजकीय यात्रा से पहले, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से सैन्य सह-विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण के क्षेत्रों में बहुप्रतीक्षित समझौतों के लिए जमीनी कार्य करने के तरीकों का पता लगाने के लिए भारत की दो दिवसीय यात्रा पर थे।

**ऐतिहासिक**

● लगभग एक दशक पहले नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका- भारत संबंध तेजी से बढ़े हैं



मैं अटल हूँ -फिल्म की टीम ने सीएम आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

## अफगानिस्तान से आए सिख शरणार्थियों से विदेश मंत्री ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर गुरुवार को दिल्ली के तिलक नगर स्थित गुरुद्वारे पहुंचे। यहां उन्होंने अफगानिस्तान से आए सिख शरणार्थियों से मुलाकात की और उनकी दिक्कतों के बारे में जाना। भारतीय जनता पार्टी के संपर्क से समाधान जनसंपर्क अभियान के तहत सिखों से मिलने पहुंचे डॉ. जयशंकर के साथ प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग भले ही नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध कर रहे हैं लेकिन इस कानून के चलते ही इन लोगों में विश्वास पैदा हुआ है। अगर यह कानून ना होता तो ना जाने इन लोगों का क्या होता।

## इंदिरा गांधी की हत्या के जश्न पर भड़के जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कनाडा** में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाने की खबरों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है। जयशंकर ने कहा कि कनाडा में इस तरह की घटना दोनों देशों के लिए सही नहीं है।

**कनाडा को जयशंकर की चेतावनीः** जयशंकर ने इसी के साथ कनाडा को इशारों-इशारों में चेतावनी देते हुए कहा- "मुझे लगता है कि इसमें एक बड़ा मुद्दा शामिल है और स्पष्ट रूप से हमें वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठना होगा। मुझे लगता है कि ये एक बड़ा मुद्दा है कि क्या कनाडा अपनी जमीन अलगाववादियों, चरमपंथियों, हिंसा की वकालत करने वाले लोगों को दे रहा है। मुझे लगता है कि यह रिश्तों के लिए अच्छा नहीं है और विशेषकर कनाडा के लिए तो बिल्कुल सही नहीं है।

**जयराम रमेश ने भी घेराः** देवड़ा के ट्वीट को टैग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, "मैं पूरी तरह से सहमत हूं! यह निंदनीय है और एस जयशंकर को इसे कनाडा के अधिकारियों के साथ मजबूती से उठाना चाहिए।"

**कनाडा के उच्चायुक्त का बयानः** उधर, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके ने घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि वह अपने देश में उस घटना की खबरों से "हैरान" हैं कि कनाडा में भारतीय प्रधानमंत्री की हत्या का "जश्न" मनाया।

**कांग्रेस ने कनाडा के साथ मुद्दा उठाने को कहा**

**कांग्रेस** ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से ब्रैम्पटन में एक परेड में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाली एक झांकी को लेकर कनाडाई अधिकारियों के साथ सख्ती से पेश आने की अपील की। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने एक कथित वीडियो साझा कर कहा, 'कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाली 5 किमी लंबी परेड से एक भारतीय के तौर पर मैं स्तब्ध हूं।' देवड़ा ने कहा, "यह पक्ष लेने के बारे में नहीं है।

## मानसून केरल पहुंचा, पूरे राज्य में बारिश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केरल** में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के सीनियर साइंटिस्ट आरके जेनामणि ने बताया कि हवा की स्पीड और हालात सही रहे तो यह बहुत तेजी से दक्षिण से उत्तर की तरफ बढ़ेगा। मानसून एक हफ्ते की देरी से केरल पहुंच गया है। राज्य के 95 फीसदी इलाके में बारिश हो रही है। कुछ घंटों में मानसून कर्नाटक और तमिलनाडु पहुंच जाएगा। मौसम विभाग के सीनियर साइंटिस्ट आरके जेनामणि ने बताया कि हवा की स्पीड और हालात सही रहे तो यह बहुत तेजी से दक्षिण से उत्तर की तरफ बढ़ेगा। अगले हफ्ते तक उत्तर भारत पहुंच जाएगा। आमतौर पर केरल में 1 जून तक मानसून आ जाता है।

## लिव-इन पार्टनर की हत्या, शव कुत्तों को खिलाया

### झगड़ा हुआ तो 24 साल छोटी महिला को मारा, बॉडी के टुकड़े कुकर में उबाले

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**मुंबई** में श्रद्धा वालकर मर्डर केस जैसा मामला सामने आया है। यहां मीरा रोड इलाके में 56 साल के आरोपी ने अपनी 32 साल की लिव-इन पार्टनर का मर्डर कर आरी से शव के टुकड़े कर दिए। इसके बाद आरोपी ने शव के टुकड़े कुकर में उबाल दिए। पुलिस को शक है कि उसने उबला हुआ मांस कुत्तों को खिलाया। आरोपी का नाम मनोज साने है। वह पिछले 3 साल से सरस्वती वैद्य नाम की महिला के साथ मीरा रोड इलाके की आकाशगंगा बिल्डिंग के 7वें फ्लोर पर किराए के फ्लैट में रह रहा था।



फ्लैट से बदबू आने पर बिल्डिंग के लोगों ने बुधवार को पुलिस को सूचना दी थी।

**तीन से चार दिन पहले की गई महिला की हत्याः** मुंबई पुलिस के जंयत बजबाले ने बताया- हमें फ्लैट में एक महिला की लाश के टुकड़े मिले। ये टुकड़े सड़ चुके थे, जिन्हें देखकर अनुमान है कि मर्डर तीन-चार दिन पहले किया गया था। हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला के शव के टुकड़ों को जांच के लिए जेजे अस्पताल भेजा है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम अब शरीर के अंगों की जांच करेगी और पुलिस को बताएगी कि शरीर के कौन से अंग गायब हैं। मनोज और सरस्वती के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद मनोज ने महिला की हत्या कर उसके शरीर को कटर से काट दिया। पहुंचकर समझ आया कि यह मर्डर का केस है और आरोपी ने सबूत छिपाने की कोशिश की है।

## दुश्मन के एक साथ कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि-पी मिसाइल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** ने नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च करके बुधवार की रात को लगभग 7:30 बजे एयरोस्पेस की दुनिया में धमाका कर दिया है। ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से डीआरडीओ ने यह परीक्षण किया। मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। यह अग्नि सीरीज की आधुनिक, घातक, सटीक और मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत की यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट तबाह कर सकती है। अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद उपयोगकर्ताओं की ओर से किया गया यह पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, जिसने सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मान्य किया। परीक्षण के दौरान उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे।

## बीजेपी के तीन सांसदों ने राहुल गांधी को लेटर लिखा

**नई दिल्लीः** भाजपा के तीन सांसदों ने गुरुवार को राहुल गांधी को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने राहुल पर अमेरिका यात्रा के दौरान भारत के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया है। यह लेटर भाजपा सांसद राज्यवर्धन राठौर, परवेश साहिब सिंह और पूनम महाजन ने लिखा है। लेटर में कहा गया है कि राहुल गांधी के 'मोहब्बत की दुकान' के बारे में सुनकर बहुत अच्छा लगता है। अगर उनकी पार्टी सच में इस रास्ते में चले तो कितना बेहतर होता, लेकिन अफसोस कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। भाजपा ने लेटर में कहा कि कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के लिए नफरत फैलाना कोई नई बात नहीं है।

## अब श्रीनगर के स्कूल में हिजाब विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**कर्नाटक** के बाद अब हिजाब विवाद जम्मू-कश्मीर पहुंच गया है। श्रीनगर के रैनावाड़ी इलाके में स्थित विश्व भारती महिला कॉलेज की छात्राओं का आरोप है कि उन्हें हिजाब पहनने से रोका जा रहा है। उनका कहना है कि हिजाब हमारे धर्म का हिस्सा है और इसे हम बिल्कुल नहीं हटाएंगे। जब बाकी के स्कूलों में इसे लगाने की परमिशन है तो हमारे स्कूल में क्यों नहीं? छात्राओं ने स्कूल प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया।



**छात्राओं का सवाल- हिजाब पहनने वाली लड़कियों को शिक्षा का अधिकार नहीं?ः** मुस्लिम छात्राओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि स्कूल प्रशासन इस मुद्दे को धार्मिक बना रहा है। उनकी तरफ से सांप्रदायिक बयान दिए जा रहे हैं। एक मुस्लिम लड़की ने कहा कि स्कूल प्रशासन कह रहा है कि हम या तो हिजाब को हटाकर आएं या फिर किसी दरगाह में जाएं। लड़कियों का सवाल है कि क्या हिजाब पहनने वाली लड़कियों को शिक्षा का अधिकार नहीं है?

**हिजाब**

● श्रीनगर के रैनावाड़ी इलाके में स्थित विश्व भारती महिला कॉलेज की छात्राओं का आरोप है कि उन्हें हिजाब पहनने से रोका जा रहा है।

## जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगीः आरबीआई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रिजर्व बैंक** ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। इससे पहले आरबीआई ने अप्रैल में चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद इसका ऐलान किया। शक्तिकांत दास ने दूसरी द्विमासिक एमपीसी समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू मांग की स्थिति वृद्धि में सहायक बनी हुई है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मांग पटरी पर लौट रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में रबी फसल का उत्पादन अच्छा रहने, सामान्य मानसून और सेवाओं में लगातार उछाल से निजी खपत को बढ़ावा मिला। ऐसे में चालू वित्त वर्ष के दौरान समग्र आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलना चाहिए। विश्व बैंक ने इसी हफ्ते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।




**अपनों की तलाश**

### ओडिशा रेल हादसे के लिए कांग्रेस ने पीएम और रेलमंत्री को जिम्मेदार बताया

## रेल हादसाः 120 घंटे बाद भी 91 शवों की पहचान नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
**ओडिशा** रेल हादसे को 120 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। अभी भी 91 शवों की पहचान नहीं हो सकी है। ऐसी ढेरों डेड बॉडीज हैं, जिन पर कई परिवार दावा कर रहे हैं। कई लोग हादसे के बाद से लापता हैं, जिनकी तलाश में उनके परिजन अस्पताल और पुलिस स्टेशन के चक्कर काट रहे हैं। उधर, कांग्रेस के स्पोकपर्सन अजय कुमार ने पूरी घटना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को जिम्मेदार बताया है। अजय का कहना है कि रेल मंत्री की ओर से यह एक साजिश थी, जिसकी वजह से बालासोर रेल हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए। सीबीआई को पीएम और रेलमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए। अजय कुमार ने आगे कहा कि रेल मंत्री ने हादसे के बाद से जिस तरह से नाटक किया है, ऐसे में उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड दिया जाना चाहिए।

**1 बॉडी के 5 दावेदार, अब होगा डीएनए टेस्टः** मामले में मोहम्मद इनाम उल हक का कहना है कि मेरा एक भतीजा है जिसकी हमने पहचान तो कर ली है, लेकिन पांच और दावेदार हैं। सभी कह रहे हैं कि यह उनका रिश्तेदार है। इसलिए उसकी बॉडी का टेस्ट डीएनए करवाया जाएगा।



**डीएनए टेस्ट होगा**

● ऐसी ढेरों डेड बॉडीज हैं, जिन पर कई परिवार दावा कर रहे हैं। कई लोग हादसे के बाद से लापता हैं

# पिछले 9 साल सेवा, सुशासन को रहे हैं समर्पित: कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने बेमिसाल प्रगति की है। इस दौरान विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। शिक्षा मंत्री अम्ब कमल बीजेपी के जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर विधायक असीम गोयल, जिला प्रधान राजेश बतौरा, प्रदेश मीडिया प्रमुख डा0 संजय शर्मा, मीडिया प्रभारी सुधीर शर्मा ने शिक्षा मंत्री कंवर पाल को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।
उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जो सरकार थी उसकी छवि उस समय एक कमजोर सरकार की थी जिसकी कैबिनेट द्वारा लिए गये निर्णय को पार्टी के एक वरिष्ठ नेता द्वारा फाड़ दिया गया था और उससे सरकार की कमजोर नेतृत्व क्षमता

**▶▶ केन्द्र में सरकार से पूर्व जिस सरकार का 10 साल शासन रहा उस समय भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर थी**

का संदेश गया था जबकि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नये आयाम स्थापित किए हैं और भारत की बात को पूरी दूनिया में तवज्जो दी जाती है।
उन्होने कहा कि पिछले 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार की हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भाजपा सरकार से पूर्व जिस सरकार का 10 साल शासन रहा उस समय भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर तथा आत्मविश्वास का अभाव था।
उन्होने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कहा था कि दिल्ली से एक रूपया भेजते हैं तो



नीचे 15 पैसे ही पहुंचते थे। जबकि आज दिल्ली से 100 रूपया चलता है तो 100 रुपए ही पहुंचता है। जन-धन योजना के अंतर्गत देश में 48.27 करोड़ बैंक खाते खुले हैं जिनमें 2 लाख करोड़ जमा हुए हैं।, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 3.5 करोड़ पक्के मकान (जिनमें 70 प्रतिशत महिलाओं के नाम हैं) इसी प्रकार 12 करोड़ शौचालय बनाए गये हैं। हर घर नल से जल स्कीम के अंतर्गत 12 करोड़ नल के कनैक्शन दिए गये हैं। कोविड की रोकथाम के लिए 220 करोड़ को वैक्सीन लगाई गई है तथा 100 मित्र देशों को 30 करोड़ वैक्सीन भेजी गई। उज्जवला योजना के अंतर्गत 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को मुफ्त गैस कनैक्शन दिए गये हैं।
उन्होने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कुशल नेतृत्व क्षमता का कमाल है कि भारत आज दूनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था है। मोबाईल मैन्यूफैक्चरिंग में भारत अग्रणी है, 27 करोड़ मुद्रा लोन से महिलाओं को लाभ मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनाई गई है जिसका उद्देश्य है कि कोई भी युवा पढ़ लिखकर बेरोजगार न रहे। वोकेशनल शिक्षा तथा युवा हुनरमंद हों इस और भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने यह भी कहा कि 2014 तक देश में केवल 7 एम्स थे और इन 9 सालों में 15 एम्स बने हैं। इसी प्रकार 2014 तक 641 मैडिकल कालेज थे और इन 9 सालों में 700 नये मैडिकल कालेज बनाए गये हैं। आईआईटी 2014 तक 16 और 9 साल में 7 नये आईआईटी बने हैं। इसी प्रकार आईआईएम 2014 तक 13 और 9 साल में 7 नये आईआईएम बने हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्होंने रक्त की एक बूंद बहाए 650 रियासतों को एक करने का काम किया। उनके नाम से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाया गया है जिसे देखने विश्व के पर्यटक आते हैं। उन्होने यह भी बताया कि नया संसद भवन बनाया गया है, धारा 370 समाप्त करना, राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण, अनुच्छे 35 ए समाप्त करना जैसे एतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए गये हैं। पिछले 9 सालों में रक्षा निर्यात में बढौतरी हुई है।

# ओबीसी एसोसिएशन को बैंकों की दिलाई जाएगी मान्यता: गंगाराम




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय स्टेट बैंक ओबीसी कर्मचारी संघ चंडीगढ़ सर्कल की आम बैठक में आशीष कुमार को ओबीसी कर्मचारी संघ का अध्यक्ष चुना गया और मुकेश कुमार सैनी को महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन हंसराज गंगाराम अहीर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बीबी कमल ने अध्यक्षता की। भाजपा ओबीसी मोर्चा के सचिव डॉ. निखिल आनंद विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों, सरकारी बैंकों, उपक्रमों में ओबीसी कर्मचारियों के कल्याण संबंधी केंद्र सरकार के निदेर्शों को लागू नहीं करना, उनके साथ भेदभाव व उत्पीड़न के मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# शक्तिरानी शर्मा बनी ऑल इंडिया काऊंसिल आफ मेयर्स की कार्यकारिणी कमेटी की सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा को उक्त काऊंसिल के प्रति इनके सराहनीय योगदान व कठिन परिश्रम को देखते हुए ऑल इंडिया काऊंसिल आफ मेयर्स की कार्यकारिणी कमेटी की सचिव बनाया गया है। बुधवार को श्रीमती मधुरी अतुल पटेल जोकि बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) की मेयर होने के साथ ही ऑल इंडिया काऊंसिल आफ मेयर्स की चेयरमैन भी हैं ने शक्तिरानी शर्मा को मेल पर भेजे गए नियुक्ति पत्र में उनके संगठन के प्रति वफादारी, कठिन परिश्रम का जिक्र करते हुए उन्हें बधाई दी है और नियुक्ति पत्र में यह भी दशार्या है कि उनके अपने कार्य



के प्रति पूर्ण निष्ठा, नेतृत्व गुणों, प्रतिबद्धता और समाज की भलाई के लिए उनके संगठन के प्रति योगदान की सराहना की और संगठन की भलाई के लिए और अच्छा कार्य करने की कामना की है।
अपनी इस नियुक्ति पर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने ऑल इंडिया काऊंसिल आफ मेयर्स का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है वह इसका निर्वहन पूरी निष्ठा, लग्न व ईमानदारी से करेंगी। उन्होंने कहा कि जो वित्तीय व प्रशासकीय शक्तियां मध्यप्रदेश सरकार ने अपने प्रदेश के मेयर्स को मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 25 में प्रदान की हैं वह शक्तियां हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 में मेयर को प्रदान नहीं की गई वह इस बारे मैं अथक प्रयास करूंगी कि मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर हरियाणा नगर निगमों में भी उक्त प्रशासकीय व वित्तीय शक्तियां प्रदान की जाएं।

# 'बलात्कारियों को बचाकर महिला सुरक्षा की बात न करें भाजपा'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि एक तरफ तो भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात करती है और जब यह बेटियां अपने



हक या खुद पर हुए जुल्म के मुद्दे को उठाती हैं, या कोई धरना प्रदर्शन करती हैं तो उन पर दबाव बनाया जाता है या फिर उनको जबरदस्ती हटाने की कोशिश की जाती है। पिछले लगभग 2 महीने से जंतर मंतर पर बैठी पहलवान लड़कियां प्रदर्शन कर रही हैं जो भाजपा के सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगा रही है और इस मुद्दे को लेकर यह लड़कियां गृहमंत्री से भी मिली वहां पर भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई उल्टा उन्हें जबरदस्ती वहां से बलपूर्वक हटा दिया गया अब देश में भाजपा की सरकार है और भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात करती है अब यह बेटियां अपने बचाव के लिए किस से न्याय की गुहार लगाएं जबकि प्रधानमंत्री अपने सांसद को बचाने के लिए अपने उस नारे का बलिदान देने को तैयार हैं। शर्मा ने कहा कि इससे पहले भी हरियाणा की एक बेटी,प्रदेश के खेलमंत्री संदीप सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगा चुकी है लेकिन वहां भी यही हाल हुआ।

# जिला स्तरीय योग दिवस को लेकर आमजन को योग की विभिन्न क्रियाओं बारे अभ्यास करवाया

**▶▶ सभी जगहों पर लोगों ने योग से जुडकर इन क्रियाओं का अभ्यास करते हुए उसे जीवन में उतारने बारे भी कहा**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा योग आयोग की ओर से सूर्य नमस्कार के ब्रांड एम्बेस्टर संदीप आर्य ने 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिले में 6 जगहों पर प्रोटोकॉल के तहत आमजन को योग की विभिन्न क्रियाओं बारे अभ्यास करवाया। सभी जगहों पर लोगों ने योग से जुडकर इन क्रियाओं का अभ्यास करते हुए उसे जीवन में उतारने बारे भी कहा। सूर्य नमस्कार के ब्रांड एम्बेस्टर संदीप आर्य ने बताया कि आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला अनुसार वह प्रोटोकॉल के तहत योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि अम्बाला जिले में वह आईटीआई अम्बाला छावनी, सुभाष पार्क व्यायामशाला, आईटीआई अम्बाला शहर, कल्पना चावला पोलिटेक्निक गर्ल्ज, पोलिटेक्निक ब्याज अम्बाला शहर इत्यादि शामिल हैं। इस मौके पर प्रोटोकॉल के तहत ताड़ आसन, त्रिकोण आसन, अर्धचक्र आसन, भुजंग आसन, सेतू बंध आसन, मकर आसन, भद्रासन, कपालभाती आसन,



अनलोम विलोम आसन, शितली और शितकालीन आसन के साथ-साथ अन्य आसनों बारे आम जन को जागरूक किया गया हैं।
उन्होनें यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा योग की महत्वता बारे आमजन को और जानकारी मिले, इसके लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को इससे जुड? के लिए प्रेरित भी किया जा रहा हैं। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ0 विवेक भारती ने बताया कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग करके हम मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। उन्होनें यह भी कहा कि योग ऐसी क्रिया है जिससे हम अनावश्यक बीमारियों से भी बच सकते हैं। योग के साथ-साथ हमें अपने खान-पान पर भी ध्यान रखने बेहद आवश्यकता हैं। भाग दौड़ भरी जिन्दगी में योग को अपनाकर हम अपने आप को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं। इस मौके पर हरियाणा योग आयोग के सदस्य पंकज बक्शी, योग सहायक नीरू अग्रवाल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।
- सूर्य नमस्कार के ब्रांड एम्बेसडर संदीप आर्य से जब बातचीत की गई तो उन्होनें बताया कि उन्हें तीन बार सूर्य नमस्कार के तहत ख्याति प्राप्त हैं। पहली बार उन्होंने 17 घंटे में 10 हजार का रिकार्ड बनाया, दूसरी बार 24 घंटे में 12 हजार का वर्ल्ड रिकार्ड बनाया तथा तीसरी बार 36 घंटे 21 मिनट में लगातार 20 हजार सूर्य नमस्कार कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बधाई देकर सम्मानित भी किया। हरियाणा योग आयोग के चेयनमेन डॉ0 जयदीप आर्य ने इस उपलब्धि पर हरियाणा का सूर्य नमस्कार का ब्रेड एम्बेस्डर बनाया। उन्होनें यह भी बताया कि योग का जज्बा उनके मन में बसा हुआ है और योग बारे जन-जन तक संदेश पहुंचे यही उनका ध्येय है।

# किसानों पर लाठीचार्ज ने करवाई जलियांवाला कांड की याद ताजा: मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पूर्व** विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश में सूरजमुखी की एम.एस.पी पर सरकारी खरीद की मांग कर रहे किसानों पर शाहाबाद में पुलिस लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की व सरकार की तानाशाही नीति की जमकर आलोचना की । मलौर ने कहा कि सरकार का किसान विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आ गया है । किसान शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे थे , लेकिन सरकार ने जिस तरह बर्बरतापूर्वक लाठिया बरसाई , इसकी जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए कम है । मौजूदा भाजपा -जजपा सरकार



किसानों की धुर विरोधी है और तानाशाही के साथ किसानों की आवाज दबाई रही है । मलौर ने कहा कि सूरजमुखी का एम.एस.पी 6400 रूपए है लेकिन किसान को इससे बहुत कम दाम दिया जा रहा है । सरकार ने किसानों के साथ दोखा किया है । अगर सरकार पहले ही किसानों की मांग मान लेती तो उनको मजबूरन सड़कों पर ना आना पड़ता । यदि सरकार के कहे अनुसार भावान्तर योजना के तहत एक हजार मिल

**▶▶ गिरफ्तार किसानों को तुरंत रिहा किया जाए और सिर्फ सूरजमुखी ही नहीं, हर फसल को एम.एस.पी पर खरीदा जाए**

भी जाते हैं , तब भी उनका घाटा पूरा नहीं होता । भाजपा-जजपा सरकार प्रदेश में भय का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है और मेहनती किसान आज सड़कों पर सरकार की तानाशाही का सामना कर रहे हैं। मलौर ने कहा कि गिरफ्तार किसानों को तुरंत रिहा किया जाए और सिर्फ सूरजमुखी ही नहीं , हर फसल को एम.एस.पी पर खरीदा जाए। प्रदेश की जनता में सरकार की बर्बरता को लेकर भारी रोष है।

# मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों ने धरना दिया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
रिटायर्ड कर्मचारी कल्याण समिति बिजली विभाग अंबाला छावनी की मीटिंग शमा सिंह अत्रि की अध्यक्षता मे 12 क्रॉस रोड बिजली निगम कार्यालय मे हुईं जिसमे सर्वप्रथम सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर देश मे हो रही सड़क दुर्घटनाओ, आत्महत्याओं, मामूली झगड़े पर हत्या, नदी मे डूबने से मौत, नशाखोरी व दुष्कर्म आदि की घटनाओ संस्थाओं द्वारा अपने अपने प्रोग्रामों मे सभी को सचेत कर अंकुश लगाने के लिए प्रेरित करने की अपील की गयी साथ ही सभी से संविधानिक नियमों का पालन करने की अपील की गयी। इस मीटिंग मे रिटायर्ड कार्चरियों की लंबे अरसे से चली आ रही माँगो के लिए दो घंटे का धरना दिया गया जिसमे हरियाणा सरकार व बिजली निगम के उच्चाधिकारियों के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की गयी अतः निमलिखित माँगो को शीघ्र

**▶▶ रिटायर्ड कार्चरियों की लंबे अरसे से चली आ रही माँगो के लिए दो घंटे का धरना दिया गया**

पूरा करने की अपील की गयी मुख्य माँगेः हिमाचल व पंजाब की तर्ज पर 65, 70,75,80,85 की आयु पर 5, 10, 15, 20 व 25 प्रतीशत बढ़ोतरी , कैशलेस सुविधा सभी बीमारियों व सभी अस्पतालो मे लागू करने उनकी सीधी पैमेंट अस्पतालो मे दी जाए ना की हमे देनी पड़े
तब तक मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपए प्रति मास देने, की सुविधा फैमिली पेंशनर्स को भी देने, की किश्त कोविड कारण 18 मास की फ्रीज की गयी थी को एरियर सहित देने, बिजली भत्ता दूसरे विभागों की भाँति देने, डिलेड पैमेंट ब्याज सहित देने तथा की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर पहले की तरह 12 वर्ष करने आदि।

# मुरलीधर डीएवी में ग्रीष्म अवकाश शिविर का समापन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डीएवी सीनियर सेकंडरी विद्यालय में 1 सप्ताह चले ग्रीष्म शिविर के समापन दिवस पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह अनुभव किया गया।
विद्यालय के प्राचार्य डॉ राधा रमण सूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्राथमिक प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर चले समर कैंप में लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ष न्यू एजुकेशन पॉलिसी के निदेर्शों का पालन करते हुए शिविर के दौरान विद्यार्थियों में कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट एजुकेशन )ओर विशेष ध्यान दिया गया है। बच्चों ने इस शिविर में बहुत ही ज्ञानवर्धक गतिविधियां सीखी ! जिसमें मुख्यतः



*शारीरिक विकास *व्यक्तित्व विकास *कला व शिल्प *नृत्य व संगीत* नुक्कड़ नाटक (पानी बचाओ) कला व शिल्प के अंतर्गत बेसिक इंजीनियरिंग डिजाइन, वुड वर्क कौशल विकास शिक्षा के लिए इन विद्यार्थियों को आईटीआई की कार्यशाला में ले जाकर विशेषज्ञों द्वारा सिखाया गया। गार्डनिंग विद क्राफ्ट में प्लास्टिक की बोतल , टूटे

**▶▶ पूर्व प्राथमिक प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर चले समर कैंप में लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

हुए कांच व चीनी मिट्टी के बर्तनों से गमले बनाने सिखाए गए । इसी के साथ ही विद्यालय के माली के सहयोग से विद्यार्थियों को घर में ही खाद तैयार करना व विभिन्न पौधों को मिलाकर नया पौधा तैयार करने की आसान विधियां सिखाई गई। पोटरी कला कौशल में सभी विद्यार्थियों को चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने सिखाए गए जिसके लिए विशेषज्ञ को विद्यालय में ही आमंत्रित किया गया। पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मंच संचालन व समाज में अपने व्यवहार कुशलता के कौशल को बढ़ाने की ट्रेनिंग दी गई। छात्राओं को कत्थक नृत्य के स्टेप्स भी सिखाए गए। विद्यालय के अध्यापकों ने इन्हें पेपर क्राफ्ट के अंतर्गत मुखोटे व साज सज्जा का सामान बनाना सिखाया व कुकिंग विदाउट फायर में विभिन्न तरह के पकवानों का भी विद्यार्थियों ने आनंद लिया। प्री प्राइमरी विभाग के विजेता हिमाक्षी ,दक्ष ,रिदित व प्रभलीन रहे कबच्चों ने इस सात दिवसीय शिविर का खूब आनंद उठाया ककक्षा 3 व चार के समर कैंप में बेस्ट डांसर छात्रा गीतांजलि, छात्र प्रभनूर को घोषित किया गया है।

# लाडवा हल्के के गांवो में खोले जाएंगे दस सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्के की प्रत्येक महिला अपने पैरों पर खड़ी हो और आत्मनिर्भर बने।समाजसेवी संदीप गर्ग गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से लाडवा हल्के में अभी 16 सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र चलाए जा रहे हैं। जिन पर कई महिलाएं कपड़े सिलना सीखकर अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने आप को आत्मनिर्भर बना रही है।

# 'सिविल अस्पताल के समक्ष एस्केलेटर और ओवरब्रिज लगाने के लिए दो करोड़ रुपए की राशि मंजूर'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सिविल** अस्पताल के समक्ष अब रोड क्रास करने की परेशानी नहीं होगी। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल के समक्ष एस्केलेटर और फुट ओवर ब्रिज जल्द लगेगा। विज ने बताया कि एस्केलेटर और फुट ओवर ब्रिज लगाने के लिए दो करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो चुकी है और आगामी कुछ ही दिनों में नेशनल हाईवे अथॉरिटी की ओर से यहां एस्केलेटर लगाने की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया हरियाणा का यह पहला हाईवे होगा जहां एस्केलेटर लगेगा और इसके जरिए लोग फुट ओवर ब्रिज से रोड क्रास कर पाएंगे। उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कर एस्केलेटर लगाने के कार्य को प्रारंभ किया जाए ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा एस्केलेटर और फुट ओवर ब्रिज लगाने के लिए ड्राईंग तैयार कर ली गई है। योजना के अनुसार जगाधरी रोड के दोनों तरफ (हिल रोड व सिविल अस्पताल) एक-एक एस्केलेटर लगेगा। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल में प्रतिदिन हजारों लोग आते-जाते हैं और उन्हें सिविल अस्पताल तक जाने के लिए जगाधरी रोड को क्रास करना पड़ता है। इससे हादसे का खतरा तो रहता है साथ ही रोड



जाम भी होती है। इसी समस्या से निजात पाने के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने कुछ दिनों पहले ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी एवं नगर परिषद अधिकारियों के साथ बैठक कर यहां एस्केलेटर लगाने की योजना तैयार की थी। विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना गृह मंत्री अनिल विज ने गृह मंत्री अनिल विज ने गुरुवार अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के

**▶▶ एस्केलेटर और फुट ओवर ब्रिज लगाने के लिए दो करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो चुकी है**

दिशा-निर्देश दिए। गांव पंजोखरा साहिब से आए फरियादी ने उसकी जमीन पर कब्जा होने व उसपर ही पुलिस द्वारा केस दर्ज करने की शिकायत दी। इसपर गृह मंत्री अनिल विज ने पुलिस अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। थानेसर से आई महिला ने उसके साथ मोहाली में फ्लैट दिलाने और मिल्क बूथ दिलाने के नाम पर 75.66 लाख धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए। भिवानी से आए फरियादी ने सड़क हादसे में मौत मामले में कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए जिसपर मंत्री विज ने एसपी भिवानी को कार्रवाई के निर्देश दिए। हाउसिंग बोर्ड निवासी व्यक्ति ने म्यूटेशन नहीं होने की शिकायत दी जिसपर गृह मंत्री ने नप अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा जींद से आए फौजी ने गृह मंत्री अनिल विज को जमीनी कब्जे की शिकायत, सढौरा से आए व्यक्ति ने खुद पर झूठा केस दर्ज होने, अम्बाला शहर निवासी परिवार ने झूठी शिकायतें देकर उन्हें प्रताड़ित करने, फतेहपुर निवासी महिला ने पड़ोसी से झगड़े एवं अन्य शिकायतें सामने आई जिसपर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# '5 हजार की आबादी वाले गांवों में खुलेंगे पुस्तकालय'

## ग्राम दर्शन, नगर दर्शन, सीएम विंडो व जनसंवाद के बाद अब प्रबुद्ध लोगों के साथ आईएएस अधिकारियों का सीधा संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सामान्य आदमी की समस्याओं को धरातल पर जानने के लिए सरकार जनता के बीच एक नई कवायद शुरू की है और इस कड़ी में मुख्यमंत्री तक शिकायतें व सुझाव पहुंचाने के लिए ग्राम दर्शन, नगर दर्शन, सीएम विंडो व जनसंवाद कार्यक्रमों की शुरूआत की है जिसमें वे स्वयं जनता से फीडबैक लेकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। स्थानीय सांसदों, विधायकों व क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के साथ आईएएस अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में सीधा संवाद भी करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस नई शुरूआत के प्रति लोगों में उत्सुकता बढ़ी है और खुलकर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातें रख रहे हैं। कई बार तो मुख्यमंत्री स्वयं शिकायतकर्ता से सीधे फोन पर बात कर वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हैं।

मुख्यमंत्री हिसार लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार से



पांच घंटे सरकार जनता के बीच है और अधिकारियों को वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य लोगों के जीवन को सुगम बनाना है, अधिकारी भी प्रबुद्ध लोगों द्वारा दी गई शिकायतों और सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से जनता की अपेक्षाएं बढ़ जाती हैं और हमें सिस्टम को आगे बढ़ाना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति, सिंचाई व जल संसाधन, लोक निर्माण, बिजली, विकास एवं पंचायत, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, अंत्योदय तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी जैसे प्रमुख विभागों से लोगों की समस्याएं जुड़ी होती हैं और इन्हीं विभागों के अधिकारियों को विशेष रूप से जन संवाद कार्यक्रम में बुलाया गया है ताकि वे भी जनता से सीधा फीडबैक ले सकें। अंबाला,

**सांसदों, विधायकों व क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के साथ आईएएस अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में सीधा संवाद भी करवा रहे हैं**

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के बाद आज हिसार लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को बुलाया गया है। एक लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा कवर होती हैं।

मुख्यमंत्री के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम में स्थानीय राज्यसभा सांसद, विधायक भी उपस्थित रहते हैं और इस प्रकार के कार्यक्रमों से फील्ड की समस्या क्या है, फील्ड के लोग क्या चाहते हैं जैसी जानकारियां एकत्रित कर उन्हें अधिकारियों तक भेजा जाता है ताकि संबंधित समस्या का सुगमता से समाधान हो सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिस प्रकार हर 20 किलोमीटर की परिधि में एक महाविद्यालय खोलने के लिए मैपिंग की गई थी उसी तर्ज पर स्कूल व खेल स्टेडियम की मैपिंग की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा व खेल युवाओं के लिए जरूरी हैं। सरकार का लक्ष्य हर एक किलोमीटर के क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल, तीन किलोमीटर के क्षेत्र में मिडिल स्कूल व पांच किलोमीटर की दूरी में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और हर क्लस्टर पर स्कूलों में विज्ञान स्ट्रीम हो। उन्होंने कहा कि 5 हजार की आबादी वाले गांवों में पुस्तकालय खोलने की शुरूआत की गई है, इस ओर भी गंभीरता से कार्य करना होगा। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हिसार के सांसद बृजेन्द्र सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना, विधायक भव्य बिश्नोई, हिसार के मेयर गौतम सरदाना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, राजनीतिक सलाहकार भरत भूषण भारती, ओएसडी भूपेश्वर दयाल, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व विधायक श्रीमती प्रेमलता, पूर्व विधायक वेद नारंग, भाजपा नेता कैप्टन भूपेंद्र के अलावा विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

# गरीब व्यक्तियों को दिया स्वास्थ्य बीमा रूपी कवचः डॉ. बनवारी लाल



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार सबका साथ-सबका विकास एवं अंत्योदय की सोच के साथ प्रदेश को निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर कर रही है। प्रदेश में बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों में एक समान विकास कार्य किये जा रहे है। गरीब व्यक्तियों को आयुष्मान भारत एवं चिरायु हरियाणा के तहत 5 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा का तोहफा देकर यह सुनिश्चित किया है कि धन के अभाव में किसी भी गरीब व्यक्ति की जान न जाये। सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल रोहतक के गुरुनानकपुरा में 45 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से विभिन्न 5 विकास कार्यों के शिलान्यास के उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा भी जनकल्याण की दिशा में अनेक कदम उठाये गए है। जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 समाप्त करना बड़ी उपलब्धि है। आज देश का विश्व में गौरव बढ़ा है।

**8 कॉलोनी के निवासियों को मिलेगा लाभः** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने रोहतक के गुरू नानकपुरा में बरसाती पानी के डिस्पोजल व राहड़ जोहड़ के जीर्णोद्धार व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों पर 45 करोड़ 27 लाख रूपए की राशि खर्च की जाएगी। इससे शहर की 8 कालोनियों के नागरिक लाभान्वित होंगे। यह विकास कार्य 31 मई 2025 तक पूर्ण किए जाएंगे।

**भारतीय जनता पार्टी हर समय चुनाव के लिए है तत्परः** प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कार्यक्रम के उपरांत प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर समय चुनाव के लिए तैयार रहती है।

पार्टी के कार्यकर्ता निरंतर लोगों के बीच में रहकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहे है।

# ग्राम पंचायत चुनाव के मद्देनजर 15 जून को सार्वजनिक अवकाश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने अधिसूचित किया है कि 15 जून गुरुवार को ग्राम पंचायत संभलखा, ब्लॉक लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में पंचायत चुनाव होना निश्चित हुआ है। इसलिए ग्राम पंचायत के अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सरकारी संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार ग्राम पंचायत चुनाव में कर्मचारियों की भागीदारी सुगम बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता और पंचायत के अधिकार क्षेत्र से बाहर कार्य करने वाले कर्मचारी भी अवकाश के पात्र होंगे। जारी अधिसूचना अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के अलावा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 173ए और निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 की धारा 25 के अनुसार 15 जून गुरुवार वेतन सहित अवकाश रहेगा।

सभी कारखानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक उपक्रमों, व्यापार की दुकानों और अधिकार क्षेत्र के भीतर स्थित बैंकों पर भी यह नियम लागू होगा।

# 'मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक**

केंद्रीय पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य पालन राज्यमंत्री डॉ. संजीव बाल्यान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। श्री बाल्यान रोहतक के सर्किट हाउस में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां तक आयात का सवाल है बड़ी मात्रा में भारत तेल आयात करता है। इस क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बनने का प्रयास



लगातार कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक तेल में 10 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता था लेकिन 2025 तक 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका सीधा लाभ किसानों को होगा। क्योंकि ऐसा करने से 3 लाख करोड रुपए का लाभ देश को होगा। उन्होंने कहा कि एथलॉन किसानों द्वारा उत्पादित गन्ने व चावल आदि से बनता है। डॉ संजीव बालियान ने कहा कि

**मंत्रालयों वालों को निर्देश दिए कि वे बाहर से सामान आयत ना करके स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन करें**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाहर से सामान आयात करने वाले मंत्रालयों वालों को निर्देश दिए कि वे बाहर से सामान आयत ना कर-के स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन करें। रक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष 15 हजार करोड रुपए का निर्यात किया है और इससे संबंधित सवा लाख करोड़ रुपए की खरीद भारत में निर्मित सामान की की गई है।

# सरकार ने प्रत्येक वर्ग के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं लागू कीः कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की शान बढ़ी है। सरकार ने प्रत्येक वर्ग के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं लागू की है, जिसका लाभ आमजन को मिला है। पूरे देश में राजमार्गों व अन्य आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान की गई है। शिक्षा मंत्री ने आज कैथल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नये आयाम स्थापित किए हैं और भारत की बात को पूरी दुनिया में तवज्जो दी जाती है। उन्होंने कहा कि पिछले 9



साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जन-धन योजना के अंतर्गत देश में 48.27 करोड़ बैंक खाते खुलवाए हैं, जिनमें 2 लाख करोड़ जमा हुए हैं। कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। इसी प्रकार 3.5 करोड़ पक्के मकान (जिनमें 70 प्रतिशत महिलाओं के नाम हैं) दिए गए। इसी प्रकार 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। हर घर नल से जल स्कीम के अंतर्गत 12 करोड़ नल के कनेक्शन दिए गए हैं।

# सेक्टर 33 निवासियों का संघर्ष लाया रंग, पार्क का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

सेक्टर निवासियों के संघर्ष के चलते आखिरकार सेक्टर 33 में पार्कों का निर्माण शुरू हो गया है। सेक्टर 33 के ए ब्लाक से पार्क बनाने की शुरूआत गुरुवार को कर दी गई है। वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक एवं पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने बताया कि करीब पांच साल की जद्दोजहद के बाद सेक्टर 33 निवासियों को अब चार पार्क नसीब होंगे। उन्होंने बताया कि सेक्टर में 9 पार्कों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 4 पार्कों के निर्माण कार्य को लेकर टेंडर अलाट हो चुके हैं, जिसमें आज सेक्टर के ए ब्लाक में करीब तीन एकड़ में बनने वाले पार्क की चारदीवारी के निर्माण कार्य की नींव रखकर शुरूआत की गई। पूजा पाठ के साथ पुलिस विभाग से सेवानिवृत डीएसपी 95 वर्षीय परस राम गोदारा व 4 वर्षीया बेबी जिया के हाथों से नींव रखी गई। इस दौरान पं. रामबीर शर्मा ने विधिपूर्वक पूजा करवाई। पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने बताया कि सेक्टर की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की पूर्व कार्यकारिणी द्वारा सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करके 9 ब्लाक बनाए गए हैं, जिसमें प्रत्येक ब्लाक में विभाग द्वारा एक एक पार्क का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा करीब दो वर्ष पूर्व सेक्टर में पार्क बनाने के लिए टेंडर अलाट किया था, जिसमें इंटों की चारदीवारी का प्रावधान नहीं था और तारबंदी करके पार्क बनाने का इरादा था जिसका तत्कालीन कार्यकारिणी ने पूरजोर विरोध किया, जिसके चलते पुनः एस्टीमेट तैयार किया गया।

# विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करवाया जाएः देवेंद्र सिंह बबली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली की अध्यक्षता में वीरवार को भिवानी में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमे उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास के लिए जारी की जाने वाली धनराशि सही ढंग से प्रयोग होनी चाहिए। विकास कार्यों में निर्माण सामग्री सही गुणवत्तापूर्वक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिए धन राशि जारी की जाती है, उनको निर्धारित समयावधि में ही शुरू करवाया जाए। विकास एवं पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के



पास धन की कोई कमी नही है। गांवों का विकास ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद पर निर्भर करता है।

सरकार द्वारा इनको विकास कार्य करवाने के लिए अधिकार दिए हैं। विकास के लिए ग्राम पंचायत, पंचायती समिति व जिला परिषद के माध्यम से प्रस्ताव आते हैं और उनके आधार पर सरकार द्वारा धन राशि जारी की जाती है।

# जल संरक्षण के प्रति हरियाणा सरकार गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

जल संसाधन के प्रति हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की कड़ी में आज का दिन राज्य के लिए ऐतिहासिक होगा, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जल संसाधन व जल संचयन के लिए अमृत जल क्रांति के तहत समेकित जल संसाधन कार्य योजना-2023-25 को लॉन्च करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 9 जून, 2023 को चंडीगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पंचकूला में 26-27 अप्रैल, 2023 को अमृत जल क्रांति के तहत 2 दिवसीय जल संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसमें जल-संरक्षण पर शोध कर रहे देश-विदेश के विशेषज्ञों सहित हरियाणा के अनेक विभागों ने भाग लिया। संगोष्ठी में आए विभिन्न सुझावों के आधार पर सभी विभागों द्वारा जल संरक्षण के लिए कार्य योजना तैयार की गई है।मुख्यमंत्री मनोहर लाल जल संरक्षण के प्रति बेहद गंभीर हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में कोरोना काल में भी मेरा पानी-मेरी विरासत योजना की अवधारणा तैयार की थी ताकि भावी पीढ़ी को धरती के साथ-साथ पानी भी विरासत में मिले।

# भाजपा नेता पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर पेट्रोल पंप संचालक ने किया सुसाइड

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**निकटवर्ती** गांव रामायण के पास पेट्रोल पंप के मालिक रोशन लाल ने भाजपा नेता एवं अन्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर सुसाइड कर लिया। पंप मालिक ने दो दिन पूर्व रात के समय अपने घर पर जहरीला पदार्थ निगला था। वह आदमपुर की सीसवाल नहर के पास पड़ा था। उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया था जहां बुधवार रात को रोशन लाल की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने से पहले पंप संचालक ने सुसाइड नोट में जिले के एक भाजपा नेता का नाम लिखा है। मामला पंप में हिस्सेदारी को लेकर था। भाजपा नेता के पास पंप मालिक के खाली चैक थे, जिसे वह बैंक में लगाने की धमकी देता था और वह इन चैकों का दुरुपयोग कर रहा था।



सुसाइड में उसने लिखा है कि जब उसने राधे कृष्ण नाम से पेट्रोल पंप खोला था तो उस समय भाजपा नेता मंदीप मलिक ने खाता खोला था जो कि सेविंग अकाउंट था। फिर मंदीप ने उस खाते की चेक बुक इश्यू करवाई, जो कि मैं बैंक में लिखकर दे आया था। फिर मेरी चेक बुक आ गई। इसके बाद मंदीप ने मुझसे इस चैक बुक से तीन चैक ब्लैंक साइन किए हुए ले लिए। उसके बाद हमारे बाकी चैक से पंप के काम लिए, जो चैक उसने लिए मैंने उसका सारा हिसाब कर दिया। मंदीप ने कहा कि अभी उसके पास आपके तीन ब्लैंक चैक रखे हैं। वह इन चैकों को किसी और को देकर कोर्ट के हिसाब से पैसे लेकर रहूंगा। मैंने उसका हिसाब 4 जून 2021 को चार लाख रुपए देकर कर दिया था। वह हिस्सा मेरी बहन ने ले लिया था, जिसमें उनके साइन व फोन नंबर लिखे हैं। अगर मंदीप ने किसी आदमी को फोन करके कहा मैं यह चैक लगा रहा हूं। अगर आप ने साथ आना है तो मैं आपको हिस्सा दे दूंगा। मगर उस आदमी ने मना कर दिया। फिर उसने चैक किसी और को जिसको मैं कभी जानता नहीं हूं, देकर उन्हें बाउंस करवाकर मेरे पास सम्मन भेज दिए। पंप संचालक के अनुसार अब भाजपा नेता उसके ऊपर बार बार दबाव बना रहा है कि अभी तो मैंने पैसे और लेने हैं। जब तक आप जिंदा रहोगे, तब तक मैं आपका पीछा छोड़ने वाला नहीं हूं। क्योंकि आप तो मेरे कमाऊ पूत थे। उसने कभी भी पूंजी पंप पर नहीं लगाई और जो लगाई शुरू शुरू में तीन लाख रुपए केवल। जब भी सप्लाई आती तो उसने कोई पैसा नहीं दिया। उसका काम डरा- धमकाकर पैसे निकालना था। वह 2012 से लेकर अब तक 20 से 25 लाख रुपए पंप से निकाल कर ले गया।

**पंप संचालक के अनुसार अब भाजपा नेता उसके ऊपर बार बार दबाव बना रहा है कि अभी तो मैंने पैसे और लेने हैं**

# भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान तेज, 9 को शेखावत व 18 को शाह आएंगे

## केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत शुक्रवार को फतेहाबाद में व्यापारी सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा के महा जनसम्पर्क अभियान तेज हो गया है। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत 9 जून को फतेहाबाद में एक व्यापारी सम्मेलन में भाग लेंगे और 18 जून को सिरसा में एक रैली को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में गुरुवार को हरियाणा विधानसभा एससी बीसी कल्याण समिति के चेयरमैन व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश और हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन श्रीनिवास गोयल फतेहाबाद भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष



बलदेव सिंह ग्रोहा ने उनका स्वागत किया। चेयरमैन सत्यप्रकाश ने जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भेंट की तथा संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा व फतेहाबाद के विधायक दूड़ाराम भी मौजूद रहे। बैठक में श्रीनिवास गोयल ने 9 जून को फतेहाबाद में जल शक्ति केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत और 18 जून को सिरसा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

श्रीनिवास गोयल व बलदेव ग्रोहा ने बताया कि 9 जून को केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र शेखावत फतेहाबाद में शाम 4 बजे फतेहाबाद के सेवन स्पाइस होटल में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत शाम 5 बजे बजे भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे।

**9 को शेखावत फतेहाबाद में शाम 4 बजे फतेहाबाद के सेवन स्पाइस होटल में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे**

# नाहड़ बिजली निगम कार्यालय में सीएम फ्लाइंग का छापा, सात कर्मचारी मिले गैरहाजिर

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**

रेवाड़ी के नाहड़ स्थित बिजली निगम के कार्यालय पर गुरुवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान सात कर्मचारी गैरहाजिर मिले है। कार्यालय में सिर्फ दो ही कर्मचारी उपस्थित मिले। सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई के बाद निगम के कार्यालय में हड़कंप मच गया। सीएम फ्लाइंग द्वारा अपनी रिपोर्ट तैयार कर आगामी कार्रवाई के लिए चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में भेजी जाएगी। सीएम फ्लाइंग को नाहड़ स्थित बिजली निगम के सब डिवीजन कार्यालय में कर्मचारियों के गैरहाजिर रहने की शिकायतें मिल रही थी। गुरूवार को



सीएम फ्लाइंग की टीम इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में नाहड़ स्थित बिजली निगम कार्यालय में पहुंची। लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी ब्रह्मप्रकाश को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। सीएम फ्लाइंग को कार्यालय में कार्यरत नौ में से सिर्फ दो ही कर्मचारी उपस्थित मिले। कार्यालय में कनिष्ठ अभियंता महेंद्र सिंह व क्लर्क नीरज कुमार उपस्थित मिले है। इसके अतिरिक्त कनिष्ठ अभियंता शेर सिंह, बीडी सुरेश कुमार, क्लर्क आशीष कुमार व केशव शर्मा, सहायक फोरमैन दुलारी लाल, लाइनमैन श्रवण सिंह व संजय कुमार गैर हाजिर मिले है। नाहड़ कार्यालय के एसडीओ रोहित कुमार रेवाड़ी स्थित अधीक्षक अभियंता कार्यालय में आयोजित बैठक में गए हुए थे। सीएम फ्लाइंग द्वारा गैर हाजिर कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर चंडीगढ़ मुख्यालय भेजी जाएगी। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश कुमार चेची ने बताया कि सरकारी विभागों में कर्मचारियों की लेटलतीफी पर कार्रवाई लगातार चल रही है।

## न्यूज फ्लैश

### देश गरिमा के साथ वापस आ रहा पुराना समर्थवान भारत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**शिक्षा संस्कृति** उत्थान न्यास के सदस्य एवं गुरुनानक खालसा कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. बीर सिंह ने बताया कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल एवं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर एक राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन माधव सेवा न्यास उज्जैन में किया गया। कार्यशाला में देशभर से 400 से अधिक प्रोफेसर, प्राचार्य, कुलपति, कुलसचिव, शिक्षाविद तथा शोधार्थी सम्मिलित हुए।
इस अवसर पर शिक्षा में किए जा रहे अभिनव प्रयोगों पर एक प्रदर्शनी का भी लोकार्पण मध्य प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया। इस राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला में हरियाणा प्रांत के संयोजक डॉ. हितेन्द्र त्यागी ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यशाला में उत्तर क्षेत्र के संयोजक भाई जगराम की पुस्तक का विमोचन भी किया गया।
राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि पुराना समर्थवान भारत देश गरिमा के साथ वापस आ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिनव दृष्टि के साथ बनाई गई है। भविष्य की चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत करने की दृढ़ संकल्पना इसमें निहित है। इस नीति से शैक्षिक, संस्कारवान, राष्ट्र भक्त विद्यार्थी का निर्माण होगा।
न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीयता को आधार बनाया गया है। अब शिक्षा में व्यवहारिक परिवर्तन हो रहे हैं। कुलपति गण एक-दूसरे विश्वविद्यालय से समन्वय कर काम कर रहे हैं। शिक्षा परिवर्तन की गति से तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने भारतीय भाषा के गौरव को व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया की श्रेष्ठ भाषा भारतीय भाषा मानी गई है। जब तक देश का छात्र आत्मनिर्भर नहीं होगा ,देश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता।
मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि हमें अपने वास्तविक इतिहास को जानना जरूरी है। अभी तक मुगलों के गौरव गान को ही पढ़ाया जाता रहा है। हमारे महापुरुषों के बलिदानों की गाथा हमें नहीं पढ़ाई गई। लेकिन अब वक्त बदल गया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# वार्डों में जल भराव की 29 जगहों को किया चिन्हित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मानसून से** पहले शहर के सभी नालों की सफाई सुनिश्चित बनाने के लिए नगर निगम कोई कौर कसर नहीं छोड़ रहा। इसे लेकर निगम की इंजीनियरिंग टीम ने पूरे शहर का राउंड लेकर वाटर लोगिंग की 29 जगहों की पहचान कर ली है और इसके समाधान की योजना भी बना ली है। अब जल भराव की इन जगहों पर डिवाटरिंग पम्प लगाकर पानी निकासी के इंतजार किए जाएंगे। गुरूवार को इंजीनियरिंग विंग के साथ एक मीटिंग के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने यह जानकारी दी। छोटे नालों की सफाई का काम 50 प्रतिशत पूरा, अगले 10 दिनो में होगा मुकम्मल- उन्होंने बताया कि शहर में मौजूद सभी छोटे नालों की सफाई का काम बड़ी जोर-शोर से चल रहा है, अब तक 50 प्रतिशत वर्क पूरा हो गया है शेष अगले 10 दिनो में निपट जाएगा। ड्रेन नम्बर 1 की सफाई भी मुकम्मल होने वाली है। उन्होंने मीटिंग में मौजूद सेनीटेशन अधिकारियों से कहा कि सफाई के दौरान जो गाद निकाली जा रही है, उसे उठाने का काम भी हो जाना चाहिए। राम नगर नाले की सफाई के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इस नाले पर जहां-जहां अतिक्रमण है, उसे तुरंत रूप से हटाया जाए। जिन डेयरियों का गोबर नाले में जाता है, उनके नियमित चालान करने का काम अमल में लाएं। अच्छा होगा कि डेयरी वाले गोबर को स्लाटर हाऊस स्थित एफ्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट (ई.टी.पी.) में पहुंचाएं। नाले की सफाई का काम शुक्रवार तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नाले की चौड़ाई बढ़ाने का जो काम चल रहा है, उसकी विजिट की जाएगी।
निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि मानसून के दौरान डिस्पोजल की जगहों पर काफी फोकस रहता है, इसका एक एस.ओ.पी. तैयार करें। पानी का प्रतिदिन फ्लो कितना रहता है, उसका चार्ट तैयार करें। उसकी सूचना उपायुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम में भी दें। उन्होंने बताया कि सेक्टरों में बरसाती पानी निकासी की करीब 25 किलोमीटर की लाईने हैं, उनकी सफाई के टेंडर लगाए गए थे, अब इस पर काम शुरू हो गया है। नियमित हो चुकी कॉलोनियों में सीवरेज, वाटर सप्लाई व स्टोरम वाटर के काम पूरे करने के निर्देश- मीटिंग में निगमायुक्त ने इंजीनियर ब्रांच के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कॉलोनियां पहले नियमित हो चुकी हैं, उनमें जनता की सुविधा के लिए सीवरेज, स्टोरम वाटर और वाटर सप्लाई जैसे काम पूरे कर दें। मुगल कैनाल की मुकम्मल सफाई 15 जून तक करें पूरी- निगमायुक्त ने बताया किमुगल कैनाल के फेज-3 की सफाई का काम पूरा हो गया है, फेज-2 का चल रहा है। फेज-1 का भी होना है।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुगल कैनाल की सफाई का कार्य आगामी 15 जून तक मुकम्मल होना चाहिए। इसके अतिरिक्त 24 बड़े नालों की सफाई का कार्य भी जल्दी पूरा करवाने के निर्देश दिए। हर वार्ड की समस्या और समाधान की रखें जानकारी- निगमायुक्त ने मीटिंग में उपस्थित जेई, एई और एक्सईएन को दो टूक कहा कि उन्हें अपने-अपने वार्डों में जल भराव, सीवरेज लाईन, पेयजल, सडकों, स्ट्रीट लाईट और पार्कों की क्या-क्या समस्याएं हैं और उनका समाधान कैसे होगा, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। वास्तव में पिछले दिनो वार्डों में मुख्यमंत्री के जन संवाद कार्यक्रम में निगम अधिकारियों द्वारा जो जानकारी दी गई, वह संतोषजनक नहीं थी, इसे लेकर निगमायुक्त ने मीटिंग में नाराजगी दिखाई। उन्होंने निर्देश दिए कि जेई व एई कार्यालय में बैठने की बजाए, फील्ड में रहें। सभी आपसी समन्वय से काम करें। अमरूत-द्वितीय के सभी काम करवाएं पूरे- निगमायुक्त ने मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अमरूत-द्वितीय के तहत सीवरेज और पेयजल के जितने भी काम थे, उनके नगर निगम की ओर से एस्टीमेट बनाए गए थे। यह कार्य अब जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए जाने हैं। निगम के कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य विभाग से कॉर्डिनेट करके इन कार्यों को करवाने को कहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी का मौसम है, नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल मुहैया होना चाहिए। इंजीनियरों से कहा कि नगर निगम की ओर से सीवरेज की सफाई के जो टेण्डर लगाए गए थे, उन पर काम चल रहे हैं। अधिकारी त्वज्जों देकर उन्हें जल्द पूरा करवाएं।

## योग आसनों से शरीर रहता है नियंत्रण में: दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत स्वामी दयानंद सरस्वती पार्क, सूर्य एनक्लेव सेक्टर 7 में शुरू की गई योग कक्षा के दूसरे दिन मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने योग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मौजूद साधकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ योग के विशेष महत्व के विषय में समझाया। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक बल प्रदान करता है। योग साधकों को सूक्ष्म क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। विशेष रुप से आसन के विषय में बताते हुए कहा कि आसनों से शरीर नियंत्रण में रहता है।

## करनाल शहर में 2 जुलाई को होगा राहगीरी कार्यक्रमः अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने करनाल शहर में 2 जुलाई को आयोजित होने वाले राहगीरी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा राहगीरी की टीम के सदस्यों की संयुक्त बैठक ली तथा उनकों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुझाव मांगे। उपायुक्त ने एसडीएम करनाल अनुभव मेहता को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन मौजूद रहें।
बैठक में उपायुक्त ने बताया कि करनाल शहर में 2 जुलाई को प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होगें। उन्होंने कहा कि राहगीरी का कार्यक्रम एक अच्छा कार्यक्रम है, जिसमें हजारों की संख्या में युवा तथा आमजन की भागेदारी होती थी।
उन्होंने बताया कि इस बार भी राहगीरी के कार्यक्रम को भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। जिसमें सास्कृतिक कार्यक्रम, खेलों से जुडी विभिन्न गतिविधियां, जैसे कब्बडी, कुश्ती, दौड़, रस्सा-कस्सी, योगा, साईकलिंग, आर्ट व काफ्ट, रंगोली तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, ऊंट व हाथी की सवारी भी करने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंख्ला में जहां स्कूली बच्चें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगे, वहीं प्रसिद्ध महान कलाकारों की गायगी भी सुनने को मिलेगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहगीरी कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों कार्यक्रम में भाग ले सकें।



## देवकी महिला ग्राम संगठन सदरपुर की महिलाओं ने बाल विवाह और बाल मजदूरी को समाप्त करने की ली शपथ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**कैलाश** सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुँच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए एमडीडी बाल भवन के संस्थापक पीआर नाथ व एमडीडी आफ इंडिया के चेयरमैन सुरेन्द्र मान के निदेर्शानुसार अक्षय के नेतृत्व में न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत गाँव सदरपुर में देवकी महिला ग्राम संगठन की महिलाओं को बाल विवाह पर रोक व बाल यौन शोषण के बारे में जागरूक किया। देवकी महिला ग्राम संगठन सदरपुर की महिलाओं ने जागरूकता अभियान का हिस्सा बनकर समाज से इन कुरीतियों को समाप्त करने को कहा। ग्राम संगठन की कार्यकर्ता उषा ने बाल मजदूरी व बाल विवाह पर रोक लगाने को कहा। इन कुरीतियों से बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, जिससे बच्चे की शिक्षा पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक गाँव व विद्यालय में चलाए जाने चाहिए।



## योग रोगी को निरोगी और निरोगी को योगी बनाता है: अमित पुंज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा योग** आयोग के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर उद्यानिकी महाविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशक के तत्वाधान में योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला के नोडल योगा अधिकारी अमित पुंज ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चला है कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।

## जहां प्रभु श्रीराम जी की कथा, वह स्थान तीर्थ समान: साध्वी प्रवीणा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दिव्य ज्योति** जाग्रति संस्थान की ओर से कुंजपुरा गांव स्थित रामलीला मैदान में पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के शुभारंभ पर श्रद्धा उमड़ी। श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी प्रवीणा भारती जी ने सर्वप्रथम गुरु का स्मरण करते हुए कहा कि मानव को उसके जीवन में गुरु ही दिशा देते हैं और उसको पार उतारा करते हैं। इसलिए गुरु के प्रति समर्पित होना आवश्यक है। जहां प्रभु श्रीराम जी की कथा का आयोजन होता है, वह स्थान तीर्थ के समान हो जाता है। उन्होंने प्रथम दिन प्रभु श्रीराम जन्म प्रसंग को बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महाराज दशरथ जो पुत्र की इच्छा लेकर जब अपने गुरुदेव वशिष्ठ के पास जाते हैं तो गुरुदेव वशिष्ठ उन्हें चार पुत्र रत्न की प्राप्ति का वरदान देते हैं। यज्ञ नारायण भगवान की कृपा से उनके घर में श्री हरि नारायण मां कौशल्या की गोद से जन्म ले करके आते हैं। यह बाहरी अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम जी का प्राकट्य हमें संकेत करता है कि हम अपने अंतर्गत में प्रभु श्रीराम को प्रकट करें। वास्तव में यह हमारा जो शरीर है, इसे ग्रंथों के अंदर अयोध्या कहकर के संबोधित किया गया है। साध्वी जी ने कहा कि आठ चक्रों, नवद्वारों से सुसज्जित यह मानव की देही जिसमें परमात्मा श्रीराम ज्योति रूप में विद्यमान हैं। आवश्यकता है एक ऐसे सतगुरु की, जिसके माध्यम से हम अपने अंतर्गत में उस प्रभु श्रीराम के ज्योति स्वरूप का साक्षात्कार कर पाएं। प्रभु श्रीराम ने जन्म लेकर न केवल महाराज दशरथ व महारानी कौशल्या को धन्य किया, इस धरा पर उनके आने का उद्देश्य प्रत्येक जीवात्मा के अंतर्गत में बैठे निराकार परमात्मा से मानव को अवगत करवाना है। प्रभु श्रीराम जी का जन्म ही नहीं, उनका पूरा जीवन चरित्र मानव के उत्थान के लिए है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के मन में उठने वाली कामनाओं, वासनाओं के कारण हमारे समाज में नारी शोषण के जैसी घटनाओं का स्तर बढ़ रहा है। श्रीगुरु आशुतोष महाराज जी ब्रह्म ज्ञान को प्रदान कर भगवान शिव के समान दोनों आंखों के मध्य भृकुटी में स्थित अग्नि नेत्र को उजागर कर युवाओं के भीतर उठने वाली इन वासनाओं पर अंकुश लगाने का कार्य कर रहे हैं।

## 'तालाब हमारी प्राचीन धरोहर है और इसे सहेज कर रखना हमारा नैतिक दायित्व'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बरसाती** मौसम के शुरू होने से पहले ही बरसात के पानी के संचय के लिए जिला में फार्म पोंड, अमृत सरोवर तथा मनरेगा के तहत तालाबों के नवीनीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसको लेकर तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी ने वीरवार को खंड इन्द्री के बुटानखेडी, सरवन माजरा, भादसो व जनेसरों आदि गांवों का दौरा करके तालाबों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य करने के लिए निर्देश दिए। तेजिन्द्र सिंह तेजी ने मौके पर उपस्थित पंचायती राज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बरसाती मौसम के शुरू होने से पहले अपने-अपने गांव में बनाये जा रहे फार्म पौंड, अमृत सरोवर तथा मनरेगा के तहत तालाबों के नवीनीकरण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करवाएं, ताकि बरसाती पानी का तालाबों में संचय हो सके और जरूरत के समय इसे कृषि कार्य में प्रयोग लाया जा सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए, विशेष तौर से गर्मी के सीजन में पीने के पानी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे तालाबों के नवीनीकरण के कार्य का बेहतरीन तरीके से एक्शन प्लान तैयार करे और नक्शा बनाकर रखें, ताकि तकनीकी तौर पर तालाब की गहराईए चौड़ाई तथा खुदाई के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सके। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि फार्म पौंड ऐसे स्थान पर बनाये, जहां पर पानी का बहाव अधिक हो और खेत का लेवल गहराई में हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फार्म पौंड, अमृत सरोवर तथा मनरेगा के तहत विकसित किये जा रहे तालाबों के चारों ओर पौधारोपण भी अवश्य करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा लोगों के घूमने, फिरने व बैठने के लिए सुंदर व्यवस्था करें।



## पहली मुल्तानी फिल्म शी मस्त मस्त मुलतानी का प्रीमियम शो आज करनाल में

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दुनिया** की पहली सिरायकी मुलतानी भाषा में बनी मुलतानी फीचर फिल्म शी मस्त मस्त मुलतानी कल 9 जून को देशभर में एक साथ रिलीज हो रही है। करनाल में यह फिल्म सुपर माल के मूवी टाइम में पहला शो प्रीमियम शो रिलीज होगा।
फिल्म के निमार्ता रमेश मल्होत्रा ने बताया कि इस फिल्म का प्रीमियम शो शुक्रवार 9 जून को शाम छह बजे शुरू होगा। प्रीमियम शो पर सांसद संजय भाटिया, मुल्तानी परिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जोगिंदर मदान और उद्योगपति राज बजाज प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस फिल्म का निर्माण कारवाँ प्रोडक्शनस ने किया है। इस फिल्म का निर्देशन रमेश मल्होत्रा मुलतानी एवं हर्मेश हनी मल्होत्रा ने किया है। इस फिल्म में हरियाणा हिंदी तथा पंजाबी साहित्य अकादमी से कई पुरस्कार ले चुके प्रदेश के जाने माने हास्य कवि प्रेम सेठी ने अहम रोल अदा किया है। इसके अलावा करनाल और पानीपत के कई लोकल रंगकर्मियों ने इस फिल्म में भूमिका अदा की हैं। रमेश मल्होत्रा मुलतानी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म सामाजिक सरोकार पर आधारित पारिवारिक एवं कॉमेडी फिल्म है।

## कानूनी सेवाओं के प्रावधान को लेकर किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रधानमंत्री फसल** बीमा योजना के तहत किसानों के लंबित मुकदमे जो कि बैंकों, जिला उपभोक्ता फोरम, परमानेंट लोक अदालत और आदि संस्थाओं के अधीन लंबित हैं, के बारे में आज जिला कृषि विभाग के सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला के 50 से ज्यादा किसान उपस्थित रहे।
बैठक की अध्यक्षता मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने की। मीटिंग में कृषि विभाग के जिला उप निदेशक आदित्य प्रताप डबास, लीड बैंक मैनेजर एसके हिंदूजा एवं अन्य बैंकों के मैनेजर उपस्थित थे।
इस मीटिंग का उद्देश्य मुफ्त कानूनी सहायता जो कि एक मौलिक अधिकार है, इस कानूनी सहायता का अधिक से अधिक प्रचार करना, सभी बैंक मैनेजर के द्वारा एवं एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के द्वारा किसानों में करना रखा गया। साथ के साथ यह भी रखा गया कि सभी किसानों में जिनके क्लेम केसेस प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कोट्स कंज्यूमर फोरम एवं लोक अदालतों में पेंडिंग हैं या बैंकों में लंबित हैं, उनको सेक्शन 12 लीगल सर्विसेज एक्ट 1987 के अंतर्गत जो भी मुफ्त कानूनी सहायता के पात्र हैं, उनको मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 1 जून से जो एक महीने के लिए जागरूकता कैंपस लगाए जा रहे हैं, जिला करनाल में उसका अधिक से अधिक प्रचार करना, ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो सके। मीटिंग में किसानों के लिए जिनके क्लेम केसेस बैंकों, कोर्ट, कंज्यूमर फोरम या परमानेंट लोक अदालत में पेंडिंग हैं, मुफ्त कानूनी सहायता उनकी पात्रता के हिसाब से प्रदान कर केसस को कम किया जा सके। आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2016 से लेकर आज तक कुल 6601 के मुकदमे लंबित हैं, जिनमें 14 करोड़ से अधिक की राशि लंबित है और जिनमें 1487 का निस्तारण किया जा चुका है और 7 करोड़ की राशि वितरित की गई है।



# निगम की बैठक शुरू होने से पहले ही हुआ हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
नगर निगम की बैठक के शुरू होने से पहले ही हंगामा शुरू हो गया। मेयर के रवैये से खफा भाजपा व कांग्रेस के पार्षद धरने पर बैठ गए और सदन से वॉकआउट कर गए। पार्षदों ने कहा प्रोसिडिंग को लेकर आवाज उठाई थी, लेकिन मेयर का रवैया ठीक नहीं था। अधिकारी ठीक से काम नहीं कर रहे, लेकिन कुर्सी पर बैठे लोग उन्हें शेल्टर कर रहे हैं।

डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि अंबाला विकास के मामले में पिछड़ रहा है। पिछली बैठक में सभी पार्षदों को एक-एक करोड़ रुपए बजट देने के आदेश दिए थे, लेकिन अभी तक वह नहीं दिये गए। साथ ही अस्थाई कर्मचारी को पक्का करने के लिए सुप्रीमो विनोद शर्मा द्वारा आदेश दिए गए हैं कि उनके लिए आवाज उठाई जाए।

2 माह पहले हुई मीटिंग में काफी हंगामे के बाद शहर का 156 करोड़ से अधिक का बजट पास किया गया था। मीटिंग में प्रॉपर्टी टैक्स, विकास कार्य, सफाई व्यवस्था, नई स्ट्रीट लाइटें समेत अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा हुआ था। इस बार भी भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने भी बैठक को लेकर रणनीति तैयार कर की।

पार्षद टोनी चौधरी ने कहा कि उन्होंने मुद्दों की लंबी लिस्ट तैयार कर ली है। अधिकारियों द्वारा नगर निगम में कोई काम नहीं किया जा रहा है न ही कोई सुनवाई अधिकारियों द्वारा की जाती है। इसी का परिणाम है कि आम जनता परेशान है।मनोनीत पार्षद संदीप सचदेवा का कहना था कि मेयर शक्ति रानी शर्मा ने नियमों का पालन न करते हुए नगर निगम की कार्यवाही को गैर कानूनी ढंग से पास करवाने की कोशिश की जिन अधिकारियों ने गलत प्रोसिडिंग पेश की उन कर्मचारियों को भी मेयर ने बचाने की कोशिश की जबकि उन कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए थी।

**▶▶ऑफिसर को चार्ज शीट भी किया जाएं। पार्षदों को कहना था कि अंबाला की जनता ने उन्हें चुन कर सदन में भेजा है**

सचदेवा ने कहा कि सदन में पार्षदों को अवाज को दबाने का प्रयास करते हुए अपने पद का दुरूप्रयोग किया। उन्होंने ने कहा कि मेयर के इस रवैये के विरोध में सभी पार्षदों ने मीटिंग का भहिष्कार करते हुए धरना दिया व अपना रोष जताया। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा तथा मंगलवार को सभी विपक्षी पार्षद बैठक करेंगे और आगे की रणनीति बना कर मेयर के खिलाफ आंदोलन चलाया जाएगा। आज भाजपा व कांग्रेस पार्षदों ने मेयर के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए हाऊस की बैठक से बाहर निकल कर मेयर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। गौरतलब है कि अंबाला नगर निगम की तैयारियों को लेकर पहले से ही रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी थी। निगम की बैठक में कई मुदों पर विचार किया जाना था लेकिन हंगामें के चलते बैठक भाजपा व कांग्रेस के पार्षद हॉल से बाहर आ गए। यही नहीं बल्कि बीपीएल परिवारों को 1100 रुपए में कम्यूनिटी सैंटर देने के आदेश भी पिछली बैठक में हुए थे तथा साथ ही यह भी कहा गया था कि अकाउंट ऑफिसर को चार्ज शीट भी किया जाएं। पार्षदों को कहना था कि अंबाला की जनता ने उन्हें चुन कर सदन में भेजा है वह चाहते है कि क्षेत्र का भरपूर विकास हो लेकिन उसके बाद भी विकास की गति काफी धीमी है जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रान्तीय शिविर में वीरांगनाओं ने लिया सर्वांग सुन्दरम व्यायाम का प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**आर्य समाज के** संस्थापक एवं महान समाज सुधारी महर्षि दयानन्द सरस्वती ने नारी को उसकी आत्मिक शक्ति का परिचय कराते हुए समाज में सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। यह शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे प्रान्तीय आर्य वीरांगना दल शिविर के दूसरे दिन 850 आर्य वीरांगनाओं को बौद्धिक प्रवचन करते हुए शिविर संयोजक संजीव आर्य ने कहे। उन्होंने कहा कि एक समय वह था जब बालिकाओं को वेद-वाणी सुनने और पठन, पाठन को अधिकार नहीं था। यहाँ तक कि नारी शक्ति को शिक्षा से भी वंचित रखा जाता है, बाल-विवाह के बाद यदि कोई बालिका बचपन में विधवा हो जाती थी तो उसे जीवन भर विधवा रहकर ही जीवन यापन करना होता था, जो उनके ऊपर घोर अत्याचार था। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने नारी शक्ति को जागरूक किया और बाल-विवाह प्रथा को बंद करवाकर विधवा-विवाह, नारी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए नारी शक्ति को जागरूक करके समाज में सम्मान से जीने के लिए प्रेरित किया।

प्रातःकालीन सत्र में संजीव आर्य एवं मुख्य शिक्षिका सुमेधा आर्या के नेतृत्व में सभी आर्य वीरांगनाओं ने पी. टी. एवं सर्वांग सुन्दरम्‌ व्यायाम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार आदि का प्रशिक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। गुरुकुल में आर्य वीरांगनाओं के साथ आयी लगभग 50 माताओं को सूर्यदेव आर्य ने प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का प्रशिक्षण दिया। तत्पश्चात सभी आर्य वीरांगनाओं ने वैदिक मंत्रों के साथ हवन कुण्ड में आहूतियां डालकर यज्ञ का प्रशिक्षण लिया। हवन के उपरान्त महाशय जयपाल आर्य एवं जसविन्द्र आर्य द्वारा आर्य वीरांगनाओं को ईश्वर भक्ति एवं राष्ट्रभक्ति गीतों के माध्यम से जीवन में हमेशा प्रभु को स्मरण रखने और अपने देश की मिट्टी से प्रेम करने का आह्वान किया। बता दें कि महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के पावन सान्निध्य एवं आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के यशस्वी प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य के मार्गदर्शन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के पावन परिसर में प्रान्तीय आर्य वीरांगना दल शिविर लगा है जिसमें हरियाणा के कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पानीपत और जींद जिल के 140 गांवों से 850 से अधिक बेटियों जीवन निर्माण एवं आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण लेने के साथ-साथ वैदिक संस्कृति और आर्य सिद्धान्तों को अपने जीवन में आत्मसात कर रही हैं। शिविर में बेटियों के साथ विभिन्न स्कूलों से 50 से अधिक शिक्षिकाएं और माताएं भी आईं है जो उत्साह के साथ शिविर में सूक्ष्म व्यायाम का प्रशिक्षण ले रही हैं बल्कि सायंकालीन सभा में हरयाणवी गीतों से बालिकाओं का मनोरंजन भी कर रही हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राइ है शिक्षा और खेलों का अनूठा मिश्रण: शर्मा



**राई : महाराष्ट्र के** कापर गाँव से आत्मा मालिक खेल एवं शिक्षा परिसर की 35 सदस्यों की टीम बुधवार को मोतीलाल खेल स्कूल राई के दो दिवसीय दौरे पर पहुँची। आत्मा मालिक संस्थान की टीम के साथ खेल निदेशक महावीर शर्मा द्वारा किया गया। खेल स्कूल राई पहुँचने पर महावीर शर्मा ने अपनी टीम के साथ मोतीलाल नेहरू खेलकूद स्कूल राई के प्रधानाचार्य कर्नल अशोक मोर को आत्मा मालिक सदगुरु की प्रतिमा भेंट की। कर्नल मोर ने टीम का स्वागत किया और उनसे अपने अनुभव साझा किए। खेल स्कूल राई की तरफ से कर्नल मोड़ के द्वारा सुनील कौशिक हॉस्टल अधीक्षक को लाइशनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। सभी खेल परिशर, कक्षाओं, घुड़साल में जाकर राई की खेल व्यवस्थाओं से रूबरू हुए।

### पुलिसकर्मी से झगड़ा कर फाड़ी वर्दी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस** कर्मी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत लाडी, ऋषिपाल,मनप्रीत व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता हैड कॉसटेब राजेश कुमार ने शिकायत में कहा है कि वह डयूटी पर तैनात था इसी दौरान उक्त आरोपी वहां आ पहुंचे व उसके साथ झगड़ा करने लगे यहां तक की उसे धमकाया भी गिया। शिकायतकर्ता का कहना था कि आरोपियों ने उसके साथ झगड़ा करते हुए उसकी वर्दी भी फाड़ दी।

### 3 टीमें कर रही हैं जाँच- एसीपी जीत बेनीवाल

**खरखौदा: खरखौदा में** वीरवार की सुबह समय करीब 5 से साढे 5 के बीच मे दिल्ली रोड सब्जी मंडी दुकान नंबर 10 के आढ़ती राजू से 3 बाइक सवारों ने मारपीट कर करीब 1 लाख 60 हजार रुपये छीन लिए। आढ़ती राजू ने बताया कि जब वो बाइक पर सवार होकर अपने घर से सब्जी मंडी जा रहा था तो उस समय 3 युवक खरखौदा के दिल्ली रोड धर्मशाला के मुख्य गेट पर खड़े थे। जिन्होंने मेरी बाइक के आगे अपनी बाइक लगा कर मेरे साथ मार पीट की और करीब 1 लाख 60 हजार रुपये व मेरी आढ़त की लेन देन के हिसाब की कॉपी भी छीन कर दिल्ली रोड की तरफ फरार हो गए। जिसकी सूचना खरखौदा पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच कर जाँच कर रही हैं।

### लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने बारे आवेदन आमंत्रित: डीआईपीआरओ बिजेन्द्र

**सोनीपत: आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने बारे आवेदन आमंत्रित किए गए है। डीआईपीआरओ बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों सूचीबद्धता तीन वर्ष के लिए होगी। उन्होंने लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों से अपील करते हुए कहा कि जो भी पार्टी अपने कार्य में दक्ष हो और विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों को करती हो वह अपना आवेदन जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय सोनीपत में 12 जून 2023 तक जमा करवा सकता है। उन्होंने बताया कि कलाकारों द्वारा आवेदन में नाटक का पूर्ण विवरण, जिसमें नाटक की विषय-वस्तु, निर्देशक के बारे में, लेखक के बारे में और कुल कलाकारों की संख्या का उल्लेख किया गया हो। उत्सव में भाग लेने वाले रंगकर्मियों को उनके नाटक की प्रस्तुति की तिथि, समय व स्थान दूरभाष पर सूचित किया जाएगा। अपूर्ण आवेदन अमान्य होंगे। उन्होंने बताया कि सूचीबद्धता की शर्ते एवं आवेदन फार्म का प्रारूप लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय सोनीपत के कमरा नम्बर 303 से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

### पार्षद सुरेंद्र मदान बने वाइस चेयरमैन

**सोनीपत**/नगर निगम सोनीपत की पावरफुल कमेटी फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी का चुनाव आज नगर निगम कमिश्नर की देखरेख में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड 3 के पार्षद सुरेंद्र मदान को वाइस चेयरमैन चुना गया। गौरतलब है कि इस कमेटी का चेयरमैन मेयर होता है। 6 सदस्य कमेटी में सदस्य सीनियर डिप्टी मेयर,डिप्टी मेयर और सर्वसम्मति से सदस्य के तौर पर सुरेंद्र नैयर पार्षद को भी चुना गया। वाइस चेयरमैन चुने जाने पर पार्षद सुरेंद्र मदान को सांसद रमेश कौशिक, विधायक मोहनलाल बडोली, विधायक निर्मल चौधरी, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा ने बधाई दी।

# विधायक ने महिला आईटीआई में हेल्पडेस्क का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शहर विधायक** असीम गोयल विधायक अंबाला शहर द्वारा राजकीय आईटीआई महिला अंबाला शहर में सैशन 2023-24 के दाखिला के लिए हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। हेल्प डेस्क वर्क उद्घाटन के मौके पर सतवीर सिंह ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर अंबाला , रामचंद्र राजकीय विद्यालय प्रेम नगर, वीना प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय बलदेव नगर ओमप्रकाश प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय मॉडल टाउन, अनीता मुख्य अध्यापिका कुणाल पीजीटी, गुरप्रीत कौर अध्यापिका मधु गुरमीत सिंह मनोज कुमार अध्यापक इत्यादि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह सांगवान ने राजकीय आईटीआई महिला अंबाला शहर एवं राजकीय आईटीआई अंबाला शहर में शुरू किए जा रहे नए कोर्सों के बारे में जानकारी देते हुए इस बात पर बल दिया कि अगर एक बेटी शिक्षित होती है तो वह कम से कम 3 लोगों को शिक्षित करती है तथा समाज में बहुत बड़ी समाज सुधारक के रूप में कार्य करती है।

इसी तरह से अपने संबोधन में विधायक असीम गोयल द्वारा राजकीय महिला अंबाला शहर के स्टाफ द्वारा दाखिला के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में जल्द ही सभी जनप्रतिनिधियों सरपंचों ब्लॉक मेंबर जिला परिषद मेंबर ग्राम सचिव पंचायत सदस्य इतिहास की मीटिंग में लेकर एक सेमिनार किया जाएगा जिसमें उन सब से यह अपील की जाएगी कि वह अपने आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से अधिक से अधिक युवक-युवतियों को आईटीआई में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करें ताकि सरकार द्वारा कौशल विकास के चलाए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान करते हुए कुशल किया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में राजकीय जोगी प्रधानाचार्य द्वारा नए कोर्स शुरू करने के लिए विधायक महोदय के प्रयासों करते हुए आभार व्यक्त किया।

# विदेश भेजने के नाम पर की 15 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**पांची जाटान** निवासी व्यक्ति को विदेश में नोकरी लगवाने के नाम पर दो व्यक्तियों ने 15 लाख की ठगी की है। आरोप है कि आरोपियों ने रसिया का टिकट भी भेजा, लेकिन न ही विदेश भेजा और न ही पैसे लौटाए। पैसे लौटने के नाम पर आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में पांची जाटान निवासी संदीप ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसकी मुलाकात करनाल निवासी साहिल से हुई। साहिल ने उसे बताया कि उसका दोस्त बिलजेन्द्र है जो पैसे लेकर दूसरे देश में नोकरी लगवाने के लिए भेजता है। जिसके बाद अक्टूबर 2022 में पढ़ने के नाम पर यूके भेजने की बात हुई। जिसके बाद 9 अक्टूबर 2022 को उसने गांव केलाना सिथत सर्व ग्रामीण बैंक से 4 लाख 60 हजार रुपये साहिल के खाते में आरटीजीएस किये। उसके बाद 11 नवम्बर 2022 को साहिल के नम्बर पर 40 हजार गूगल पे ओर 11 नवम्बर 2022 को बलजिंद्र के खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर किये। 3 अप्रैल 2023 को उन्होंने रसिया की टिकट भी भेज दी, लेकिन अब तक उन्हें कही नही भेजा गया। अब वह साहिल व बलजिंद्र से पैसे मांगते है तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते है।

# दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ आप नेता रणबीर छिक्कारा तिरंगा यात्रा के लिए जींद पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**गन्नौर** क्षेत्र से आम आदमी पार्टी कि जींद तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रणबीर छिक्कारा के नेतृत्व में गन्नौर से दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ रवाना हुए । इस मौके पर रणबीर छिकारा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की भविष्य में हरियाणा में बनेगी सरकार है। उन्होंने कहा कि आज जींद रैली अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगत मान के नेतृत्व में आने वाले 2024 के चुनाव का आगाज करने जा रही। आने वाले चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हरियाणा में सुशासन स्थापित करने का काम करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ कृष्ण कौशिक विकास मलिक, डॉक्टर अनिल ,विकास त्यागी ,अंकुश त्यागी, दीपक गोस्वामी ,गुरमीत ,संदीप, राकेश, दिलबाग, बहादुर सिंह, कुलदीप ,राजकुमार, रमेश कुमार, प्रदीप ,अंकुश त्यागी ,प्रवीण दिनेश शर्मा,, राजवीर सिंह, रामवीर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**राजकीय** महिला महाविद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आचार्य राजकुमार ने छात्राओं को योग करवाया एवं योग से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य ज्ञान चंद राणा ने छात्राओं व उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं।

# सड़क हादसे में प्रॉपर्टी डीलर की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**बहालगढ़-सोनीपत रोड** पर गांव जाट जोशी से आगे खिलौना फैक्टरी के निकट अचानक रोड पर बिना इंडीकेटर आए ट्राला कंटेनर में टकराने से कार सवार प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। हादसे के बाद कार में भी आग लग गई। जिससे कार जलकर ढांचा बन गई। पुलिस ने अग्निशमन विभाग की टीम को बुलाकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले में ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मिशन रोड सोनीपत निवासी वकील जैन ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि उनके बड़े भाई सुशील जैन (65) प्रॉपर्टी डीलर थे। वह कुंडली स्थित कार्यालय से कार में सवार होकर सोनीपत आ रहे थे। घटना के समय वह भी किसी काम से बहालगढ़ से सोनीपत आ रहे थे। उनके भाई कार में आगे चल रहे थे। जब वह जाट जोशी से आगे खिलौना फैक्टरी के पास पहुंचे तो अचानक एक ट्राला कंटेनर चालक बिना किसी इंडीकेटर के अचानक तेज गति से बहालगढ़-सोनीपत लेन पर आ गया। जिससे उनके भाई की कार उसमें टकरा गई। हादसे में उनके भाई बुरी तरह से घायल हो गए। उन्होंने राहगीरों की मदद से अपने भाई को तुरंत निकाला और पास ही स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के दौरान उनके भाई की कार के ट्राला में टकराने के चलते इंजन में आग लग गई। जिससे कुछ देर में ही आग पूरी कार में फैल गई। आग से कार भी जलकर ढांचा बन गई। मामले की सूचना के बाद पहुंची पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने वकील जैन के बयान पर ट्राला कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**हादसे के बाद बन गई थी जाम की स्थिति**

बहालगढ़ रोड पर हुए हादसे के बाद कार में आग लगने से एक मार्ग बंद हो गया। जिससे कुछ देर में ही वहां जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने मशक्कत के बाद वाहनों को निकाला। जिसके बाद जाम की स्थिति से निजात मिल सकी।

# क्रेशर संचालक से फिरौती मांगने मामले पर सरपंच हुए लामबंद



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**ग्राम** पंचायत धौलेड़ा के सरपंच पर केशर संचालक द्वारा अवैध रूप से मंथली मांगने की शिकायत पर सरपंच के सर्मथन में पंचायत समिति के चेयरमेन कर्मपाल के नेतृत्व में ब्लॉक के सभी सरपंच नांगल चौधरी समिति कार्यालय में एकत्रित होकर एक मिटिंग की। जिसमें उन्होंने धौलेड़ा के सरपंच पर लगाए गए अवैध मंथली के आरोप को बेबुनियाद बताया है। साथ ही उन्होंने जिला पुलिस कप्तान से इस मामले में जांच सही तरीके से करने व सरपंच ग्राम पंचायत धौलेडा पर ऐसा कोई झूठा केस ना दाखिल करने की मांग की है। साथ ही पंचायत की भूमि पर जो अवैध कब्जे है। उनको कानूनी मदद करके खाली करने में सहयोग करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर धौलेड़ा सरपंच पर झूठा मुकदमा दर्ज किया गया तो सरपंच एसोसिएशन धरना-प्रदर्शन करने की रूपरेखा तैयार करेगी। मिटिंग में उन्होनें कहा कि ग्राम पंचायत धौलेडा की शामलात भूमि को अवैध रूप से क्रेशर व माईन्स संचालको ने कब्जा किया हुआ है। ग्राम पंचायत धौलेडा ने अपने अधिकारो का प्रयोग करते हुए सब क्रेशर संचालको को नोटिस दिये थे। व उक्त भूमि की कानूनी रूप से पैमाईश करवाई गई है। जिसमें क्रेशर संचालको ने बहुत सारी पंचायती भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। सरपंच की इस कार्यवाही को दबाने के लिए खनन माफिया गिरोह ने आपस में मिलकर सरपंच को ही फंसाने का प्रोपगेंडा रचा है। जबकि सरपंच ने उनसे किसी प्रकार की अवैध उगाही जैसी बात नही की है। क्रेशर संचालक निरन्तर अपनी अवैध गतिविधियों को जारी रखने व ग्राम पंचायत पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिए झूठे आरोप लगा रहे है। जो कि सरासर गलत हैं। जबकि केशर संचालक ने पुलिस को राजीनामा भी लिख कर दे दिया है। बावजूद इसके पुलिस मामले में दवाब बना रही है। जबकि केशर संचालकों ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे कर रखे है। सरपंच ने कानूनी रूप से अपनी सभी कार्रवाही पूरी की है। पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटवाना सरपंच का कानूनी अधिकार है। अवैध कब्जा करने वाले खनन माफिया के लोग ग्राम पंचायतो को दबाना चाहते है। अगर मिलीभगत करके सरपंच को परेशान किया जायेगा तो हम इसका विरोध करेगें।

# 18 बेरोजगारों से एक करोड़ 27 लाख की धोखाधड़ी

## अलग-अलग विभागों में नौकरी लगवाने का दिया झांसा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। कनीना** अलग-अलग विभागों में नौकरी का झांसा देकर 18 बेरोजगार युवकों से 1करोड़ 27 लाख 48 हजार 700 रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक बेरोजगार युवक के दादा श्योकरण ने कनीना सदर थाने में शिकायत देकर दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। ठगी करने वालों में आरएसी बटालियन, हथूनी प्रतापगढ़ में का कांस्टेबल शामिल है।

पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार गांव खैराना निवासी श्योकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बावड़ा बाकीपुर तहसील फरूखनगर जिला गुरुग्राम निवासी रामकिशन की सात साल से अच्छी जान पहचान थी। उसने बताया कि रामकिशन ने अक्तूबर 2022 में बताया था उसकी नौकरी लगवाने वाले लोगों से अच्छी जान-पहचान है जो पैसे लेकर अलग-अलग विभागों में नौकरी लगवाता है। आरोपी रामकिशन का आदमी एएसआई अनिल चौहान मिला वह उसके पौते को दिल्ली पुलिस में हैड कांस्टेबल लगवा देगा। इससे वह उसके झांसे में आ गया और आरोपी रामकिशन से 18 लाख रुपये में सौदा तय कर लिया। सौदेबाजी के अनुसार आधी पेमेंट नौकरी लगने से पहले तथा आधी नौकरी लगने के बाद दी जानी थी। उसने 9 लाख रुपये आरोपी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कैश में दे दी थी। उसने बताया कि 17 अक्तूबर को उसके पौते की परीक्षा राजस्थान कोटा में एक निजी स्कूल हुई थी। उससे पहले पौते अमित को 15 अक्तूबर को मध्यप्रदेश के होटल हर्ष प्लेस में बुलाया गया जहां आरोपी रामकिशन का आदमी एएसआई अनिल चौहान मिला।

**बड़े अधिकारियों से उसकी जान पहचानः** एएसआई अनिल ने पौते को एक आंसर की दी तथा कुछ दस्तावेज प्रश्न पत्र के लिए दिए गए।

परीक्षा के पास एएसआई अनिल उनके घर पर आया था। उस समय उस समय उसका बड़ा बेटा आर्मी से छुट्टी आया था। आरोपी अनिल ने उसके बड़े बेटे को बताया कि उसकी केंद्र सचिवालय, एसएससी और दिल्ली पुलिस के बड़े बड़े अधिकारियों से उसकी जान पहचान है और वह पैसे लेकर नौकरी लगवाता है।

# राई हल्के से कार्यकर्ताओं के साथ जींद की तिरंगा यात्रा के लिए रवाना हुए आप नेता



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**जींद में** हुई आम आदमी पार्टी की तिरंगा रैली में शामिल होने के लिए राई हल्का से आप नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के नेतृत्व काफी संख्या में कार्यकर्ता बसों में बैठकर रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में नारेबाजी की। सतनारायण आंतिल ने कहा कि प्रदेश व जनता अब समझ चुकी है उन्होंने कहा कि भाजपा और जाजपा गठबंधन वाली सरकार सिर्फ अपने नेताओं के लिए काम करती है व अपनी जेब भरने का काम करती है जिस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में एक सुशासन स्थापित हो चुका है।

# आईपी कैंपस का सीएम ने किया उद्घाटन

## उद्घाटन के बाद समारोह में मौजूद कुछ लोगों ने हुड़दंग मचाया और मोदी-मोदी के नारे भी लगाए

**विरोध**

● ट्विटर हैंडल पर ट्वीट करते हुए इस घटना की निंदा की और कहा कि ये बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने हुड़दंग मचाया है





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**पूर्वी** दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक साथ मिलकर गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी कैंपस का उद्घाटन किया है। द्वारका के बाद ये दूसरा दिल्ली में कैंपस है। उद्घाटन के बाद समारोह में मौजूद कुछ लोगों ने हुड़दंग मचाया और मोदी-मोदी के नारे भी लगाए। सीएम केजरीवाल अपने संबोधन के दौरान रुक गए और अपील करते हुए कहा कि बाद में नारे लगा लेना। "अगर ऐसे नारे लगाने से शिक्षा व्यवस्था अच्छी हो जाती तो 70 साल में हो गई होती" ईस्ट दिल्ली में गुरू गोबिन्द सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के इस शानदार कैम्पस की शुरूआत हो गई है। आम आदमी पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट करते हुए इस घटना की निंदा की और कहा कि ये बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने हुड़दंग मचाया है। सीएम ने जवाब देते हुए कहा कि अगर ऐसे नारे लगाने से शिक्षा व्यवस्था अच्छी हो जाती तो 70 साल में हो गई होती।

### इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय को पूर्वी दिल्ली में मिला नया कैंपस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सूरजमल विहार में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के पूर्वी दिल्ली कैंपस का उद्घाटन किया। द्वारका के बाद आईपी विश्वविद्यालय का यह दूसरा कैंपस है। इस कैंपस में 2400 छात्र पढ़ सकेंगे। 19 एकड़ के इस कैंपस में 3 अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, 5 मंजिला सभागार और खेल हॉल भी है। उल्लेखनीय है कि 14 दिसंबर 2014 को तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने इस परिसर की आधारशिला रखी थी। कैंपस को आईपी विश्वविद्यालय ने 346 करोड़ रुपये के स्व-वित्तपोषण और दिल्ली सरकार से 41 करोड़ रुपये सहित कुल 387 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस मौके पर दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर रामनिवास गोयल, पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर, स्थानीय विधायक ओपी शर्मा और विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर महेश वर्मा भी उपस्थित थे।

# पत्नी के साथ थे अवैध संबंध, पति ने सुपरवाइजर को मारा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अपने** सुपरवाइजर की हत्या करने के आरोप में एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उसके आरोपित की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। घटना रविवार को उत्तरी पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलने पर पर वे फैक्ट्री एन-ब्लॉक, डीएसआईआईडीसी बवाना सेक्टर-5 में मौके पर पहुंचे। तब तक घायल राकेश को पूठ खुर्द के एमवी अस्पताल में पहुंचा दिया गया था। इसके बाद घायल को रोहिणी के बीएसए अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**गिरफ्तार**

● घटना की सूचना मिलने पर पर वे फैक्ट्री एन-ब्लॉक, डीएसआईआईडीसी बवाना सेक्टर-5 में मौके पर पहुंचे

**आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार:** जांच के दौरान पुलिस ने कुलदीप की लोकेशन का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने बताया कि उसने राकेश की हत्या करने की बात कबूल कर ली है। खुलासा हुआ कि वह अपनी पत्नी के साथ बवाना में डीएसआईआईडीसी की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था।



आईपी यूनिवर्सिटी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलजी विनय सक्सेना।

### जगदीश टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ सुनवाई को टाल दिया है। सीबीआई की ओर से जगदीश टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। अब दाखिल की गई चार्जशीट से जुड़े मामले की गर्मियों की छुट्टी के बाद सुनवाई होगी। जज ने कहा कि वह फाइल देखेगी। इसके बाद उचित आदेश पारित किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 30 जून को होगी।

# चुनाव के 103 दिन बाद स्थायी समिति के नतीजे घोषित

## 3-3 सीटें जीतीं आप और बीजेपी, हाईकोर्ट के आदेश के बाद महापौर ने चुनाव के नतीजे घोषित करने की मंजूरी दे दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** नगर निगम के स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के 103 दिन बाद नतीजे आखिरकार बृहस्पतिवार को घोषित हो गए हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद महापौर (रिटर्निंग ऑफिसर) डॉ. शैली ओबेराय ने चुनाव के नतीजे घोषित करने की मंजूरी दे दी। इसके बाद निगम सचिव ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। नतीजे के अनुसार आम आदमी पार्टी के तीन और भाजपा के तीन सदस्यों ने जीत दर्ज की है।

**24 फरवरी को हुए थे समिति के चुनाव:** स्थायी समिति के चुनाव 24 फरवरी को हुए थे। इसमें एक वोट रद्द करने को लेकर विवाद हुआ था। इसमें महापौर ने पुनः 27 फरवरी को चुनाव कराने का आदेश दिया। इसके खिलाफ भाजपा पार्षद कमलजीत सहरावत और शिखा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर तुरंत हाईकोर्ट ने पुनः चुनाव कराने पर रोक लगा दी थी। 23 मई को हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को सही पाया था। साथ ही पुनः चुनाव की जरुरत को खारिज कर दिया।





कोर्ट महापौर को तुरंत प्रभाव से चुनाव नतीजे जारी करने का निर्देश दिया था। इसके बाद निगम सचिव कार्यालय ने महापौर को हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर महापौर से नतीजे स्वीकृत करने की मांग की थी। निगम सदन की बैठक से कुछ देर पहले ही महापौर ने स्वीकृति दे दी और निगम सचिव ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

**जल्द स्थायी समिति के गठन की संभावना:** दिल्ली नगर निगम के स्थायी समिति के गठन की संभावना हो गई है। क्योंकि अब वार्ड कमेटी के सदस्यों के लिए चुनाव की तारीख निगमायुक्त को तय करनी होगी। माना जा रहा है कि जल्द ही तदर्थ और विशेष समितियों के चुनाव के साथ ही वार्ड कमेटियों के सदस्यों के चुनाव की घोषणा हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति में 18 सदस्यों से गठन होता है। इसमें छह सदस्य सदन से चुने जाते हैं जबकि 12 सदस्य वार्ड कमेटी से चुने जाते हैं। छह सदस्य में से तीन भाजपा जीत चुकी है और तीन आप।

# विशेष सचिव राजशेखर ने की आईएएस उदित के खिलाफ शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार और उपराज्यपाल के बीच चल रहे विवाद में अब नौकरशाही की एंट्री हो चुकी है। आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय मुसीबत में फंस गए हैं। आईएएस अधिकारी ने एनुअल परफार्मेंस असेसमेंट रिपोर्ट को सबसे बेहतर दिखाने के लिए फर्जी साइन किए, जिसके बाद अब पुलिस पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इससे पहले गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजा गया। दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने फर्जी साइन पाए थे। दिल्ली सरकार में विशेष सचिव वाईवीवी राजशेखर की शिकायत पर उदित प्रकाश राय के खिलाफ आईपी एक्सटेंशन पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में कहा गया है

**फर्जी साइन का मामला**

● आईएएस अधिकारी ने एनुअल परफार्मेंस असेसमेंट रिपोर्ट को सबसे बेहतर दिखाने के लिए फर्जी साइन किए

कि आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय ने मैन्युअल तरीके से एंट्रीज की और खुद रिपोटिंग/समीक्षा करने वाले अधिकारियों के हस्ताक्षर करके एनुअल परफार्मेंस असेसमेंट रिपोर्ट में जालसाजी की और स्पैरो पोर्टल के माध्यम से जानबूझकर लिखने से परहेज किया। जानकारी के लिए बता दें कि आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय को भ्रष्टाचार के मामले में एक नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

# ट्रैवल एजेंट की हत्या करने वाला सेना का सेवानिवृत्त जवान दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने सब्जी मंडी इलाके में सात फरवरी को हुई ट्रैवल एजेंट अखिलेश तिवारी की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए सेना से सेवानिवृत्त जवान को गिरफ्तार किया है। जिस रूट पर आरोपी जवान संजेश कुमार चौहान उर्फ फौजी की बसें चल रही थीं उसी रूट पर अखिलेश भी अपनी बसें चलाना चाहता था। यही नहीं वह आरोपी के डेढ़ लाख रुपये वापस नहीं दे रहा था। इससे नाराज आरोपी ने यूपी से गैंगस्टर उदयवीर उर्फ बाबा व विष्णु के साथ मिलकर ट्रैवल एजेंट की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में अदालत ने आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर रखे थे। दिल्ली पुलिस आरोपी फौजी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित करने जा रही थी। सब्जी मंडी के मोरी गेट इलाके में ट्रैवल एजेंट अखिलेश तिवारी की सात फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप सेना के पूर्व जवान संजेश कुमार चौहान पर लगा था। सेल में तैनात इंस्पेक्टर शिवकुमार को आरोपी के गांव आवारी, जिला इटावा में होने की सूचना मिली। इसके बाद एसीपी अत्तर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार व एसआई राजेश शर्मा की टीम गठित की गई। पुलिस टीम इटावा पहुंची और गांव मनपुरा जिला इटावा यूपी निवासी संजेश को आवारी गांव में स्थित उसकी बहन के घर से छह जून को गिरफ्तार कर लिया।



**रिटायर होने के बाद चलाने लगा बसें**

**संजेश** फौजी जनवरी, 2021 में सेना में रिटायर हुआ था। रिटायर होने के बाद उसने चार बसें खरीदी और दिल्ली-इटावा-कानपुर रूट पर चलाने लगा। उदयवीर पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। उसके खिलाफ यूपी में 50 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। विष्णु भी पहले ही गिरफ्तार हो चुका है।

पूछताछ में पता लगा कि उसकी दिल्ली-इटावा-कानपुर रूट पर चार बसें चलती हैं। अखिलेश तिवारी का ऑफिस मोरी गेट में था और वह संजेश की बसों के टिकट बुक करता था। अखिलेश भी इसी रूट पर अपनी बसें चलाना चाहता था। इससे संजेश नाराज हो गया।

# छात्रा के अपहरण के प्रयास के मुख्य आरोपी को पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जेएनयू में** छात्रा के अपहरण के प्रयास के मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अभिषेक नाम के छात्र को गिरफ्तार किया है। उसने खुलासा किया है कि वह अपने चार साथियों के साथ जेएनयू में दो बार गया था। एक बार शाम 7:00 बजे गया। उसके बाद वह रात 11:30 गया। गिरफ्तार छात्र अभिषेक ने ही जेएनयू कैंपस के बाहर पीएचडी के छात्र रणधीर की पिटाई की थी। पीड़ित छात्र ने आरोपी छात्र की पहचान कर ली है। घटना के समय आरोपी अभिषेकी कार को चला रहा था। दिल्ली पुलिस ने इसके तीन फरार साथियों की पहचान कर ली है। पुलिस उनको जल्दी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। आरोपी जिस शिफ्ट कार में गए थे वह अभिषेक के मामा की है। अभिषेक बचपन से ही जेएनयू में आता-जाता रहा है। आपको बता दें कि जेएनयू में कार सवार युवकों ने मंगलवार रात को एक छात्रा के अपहरण का प्रयास किया। इससे पहले छात्रा को बाल पकड़कर घसीटा भी गया। आरोपियों ने बदतमीजी व छेड़छाड़ भी की। घटना के बाद भी आरोपी जेएनयू से भागे नहीं और मुख्य गेट पर पीएचडी छात्र की पिटाई कर दी। छात्रा की शिकायत पर वंसतकुंज (नार्थ) व छात्र की पिटाई मामले में किशनगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। वहीं, जिला पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना को लेकर कई बातें स्पष्ट नहीं हैं। आरोपी की महिला दोस्त भी जेएनयू में पढ़ती है। बुधवार रात पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। जेएनयू से भाषा (दूसरा वर्ष) की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने वसंतकुंज (नार्थ) थाने में शिकायत दी कि वह रात करीब सवा ग्यारह बजे सहेली के साथ जेएनयू में रिंग रोड पर घूम रही थी।

**आरोपी युवक की दोस्त भी जेएनयू में पढ़ती है**

**पुलिस** का कहना है कि घटना पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुई थी। एक आरोपी की दोस्त जेएनयू में पढ़ती है। आरोपी भी एक यूनिवर्सिटी का छात्र है। जांच में ये बात सामने आई है कि कार में मुनिरका व गुरुग्राम के दो से तीन युवक थे। वहीं, पुलिस की पूछताछ में छात्रा ने मुख्य आरोपी से किसी तरह की जान-पहचान होने से इंकार किया है।

# बृजभूषण की बढ़ीं मुश्किलें, दिल्ली पुलिस अगले हफ्ते कोर्ट को सौंपेगी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**डब्ल्यूएफआई के** चीफ बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। दिल्ली पुलिस का विशेष जांच दल यानी एसआईटी अगले हफ्ते तक कोर्ट को जांच रिपोर्ट सौंप सकता है। अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस की एसआईटी टीम डब्ल्यूएफआई चीफ के खिलाफ दो मामलों की जांच रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अब तक हुई जांच के दौरान एसआईटी टीम ने 180 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। जानकारी के लिए बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ देश के टॉप पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया प्रदर्शन कर रहे हैं। लगातार गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। सिंह पर नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों से कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे हैं।





### 'मुस्लिमों के लिए हज एक छुट्टी न होकर धर्म का पालन करने का माध्यम'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने हज समूह के कई आयोजकों के पंजीकरण प्रमाणपत्र और कोटा के निलंबन पर रोक लगा दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी की कि मुस्लिमों के लिए हज केवल एक छुट्टी न होकर उनके धर्म और विश्वास का पालन करने का एक माध्यम होने के साथ मौलिक अधिकार है। अदालत ने उक्त टिप्पणी व आदेश 13 से अधिक हज समूह आयोजकों (एचजीओ) की याचिकाओं पर विचार करते हुए दिया। तीर्थयात्रियों के लिए टूर आपरेटरों के रूप में कार्य करने वाले ऐसे एचजीओ को पिछले महीने केंद्र द्वारा आस्थगित रखा गया था, क्योंकि उन्हें गलत जानकारी देने समेत अन्य आधारों पर अयोग्य पाया गया था।

# राघव का सरकारी आवास आवंटन रद्द करने पर अगली सुनवाई तक रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** पटियाला हाउस कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को राहत दी है। कोर्ट ने राघव चड्ढा के सरकारी आवास के आवंटन को रद्द करने के राज्यसभा सचिवालय की हाउस कमेटी के आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले में राघव चड्ढा का आधार मजबूत दिखाई दे रहा है। ऐसे में उन्हें कानून की उचित प्रक्रिया के बिना बेदखल नहीं किया जाएगा। राघव चड्ढा ने अर्जी में कहा है कि उनका आवंटन रद्द करने वाली राज्यसभा सचिवालय की हाउस कमेटी का पत्र मनमाना है। राज्यसभा सचिवालय ने चड्ढा की याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि कोर्ट को राज्यसभा सचिवालय को सुने बिना आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए था। राज्यसभा सचिवालय की ओर से राघव चड्ढा को सबसे पहले नई दिल्ली में टाइप-श्क्क्रबंगला आवंटित किया गया था, जो आमतौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल या मुख्यमंत्री को दिया जाता है। इसके बाद राज्यसभा सचिवालय की हाउस कमेटी ने उनको दूसरा नया बंगला उनकी सांसद कैटेगरी के अनुसार टाइप-VI आवंटित किया।

# जहरीली गैस निगलकर ऑक्सीजन पैदा करेगी छोटी सी डिवाइस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एक छो**टी सी डिवाइस जहरीली गैसों को निगल जाएगी और बदले में ऑक्सीजन उत्पन्न करेगी। इस डिवाइस से जुड़ा एक बायोमास सिलिंडर प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया से कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर ऑक्साइड, वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों और धूल कणों को अपनी खुराक के तौर पर सोख लेगा और बदले में कमरे के अंदर प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन छोड़ेगा। केंद्र और तमिलनाडु सरकार की मदद से दो भारतीय वैज्ञानिकों उमा महेश वी व राजलक्ष्मी ने इसे तैयार किया है। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एक्सपो में प्रदर्शित इस डिवाइस को बनाने वालों ने दावा किया कि बाजार में मौजूद दूसरे एयर प्यूरीफायर से

**ऑक्सीजन छोड़ेगा**

● केंद्र और तमिलनाडु सरकार की मदद से दो भारतीय वैज्ञानिकों उमा महेश वी व राजलक्ष्मी ने इसे तैयार किया है

यह डिवाइस सस्ती है। इसमें कई सारे फीचर भी जोड़े गए हैं। जल्द ही इसे आम लोग बाजार से खरीद पाएंगे। एक्सपो में यह डिवाइस लोगों को खूब पसंद आ रही है और कई लोगों ने इसे प्री-बुक भी किया है। निर्माताओं ने इसका डिवाइस का नाम गार्डन एयर प्यूरीफायर रखा है। इसकी कीमत 10 हजार रुपये रखी है। पहली बार इसे खरीदने पर इसके साथ चार बायोमास सिलिंडर भी मिलेंगे।



दो-तीन महीने बाद ये सिलिंडर बदलने होंगे। इसमें मौजूद बायोमास का घोल पेड पौधों, क्यारियों में डाला जा सकता है, जो पौधों के लिए खाद का काम करेगा। शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या को देखते हुए ये डिवाइस बड़े काम की है और सबसे खास बात ये डिवाइस जीरो अपशिष्ट पैदा करती है। जल्द ही ये देशभर के बाजार में आसानी से मिलने लगेगी। अभी स्टार्टअप्स की वेबसाइट से इसे ऑनलाइन मंगाया जा सकता है।

**2 हजार रुपये होगा सालाना खर्च:** इस इंडोर एयर प्यूरीफायर के बायोमास का सालाना खर्च करीब दो हजार रुपये पड़ेगा। प्रत्येक दिन दो से तीन रुपये में ऑक्सीजन मिल सकेगी। इस डिवाइस में एक एयर क्वालिटी मॉनिटर और ब्लूटूथ इनबिल्ड है। इसके ब्लूटूथ को मोबाइल पर इसके एंड्रॉइड एप्लिकेशन से जोड़कर कमरे की एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) को आसानी से जांचा जा सकता है।

**मिला एलपीजी से सस्ता ईंधन:** खेती से निकलने वाला सूखा कचरा जैसे कि पराली, भूंसा, जूट हो चाहे फैक्ट्रियों से निकलने वाला कचरा, अब ये परेशानी का सबब नहीं बनेंगे। बल्कि ये वरदान साबित होंगे। गुजरात के वैज्ञानिक डॉ अरविंद पटेल ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है।

# खुशखबरी: रेलवे स्टेशनों पर अब ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार का मौका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एक** स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर ज्यादा उत्पाद की बिक्री हो सके इसके लिए नियम को और सरल बना दिया गया है। अब किसी स्टेशन पर सिर्फ उस स्थान की जगह पूरे क्षेत्र के उत्पाद की बिक्री हो सकेगी। इसके लिए स्टेशन पर स्टाल प्राप्त करने वालों को ज्यादा सुविधाएं मिलेगी। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले वर्ष 25 मार्च में इस योजना की शुरूआत हुई थी। मई तक उत्तर रेलवे के 130 रेलवे स्टेशनों पर इस योजना के तहत उत्पाद बेचने के लिए लोगों स्टाल आवंटित किए गए हैं। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अहमदाबाद ने ओएसओपी स्टाल का डिजाइन तैयार किया है। इस योजना के अंतर्गत स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, बुनकरों द्वारा तैयार कपड़े, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बेचे जाते हैं। पहले सिर्फ स्टेशन व उसके आसपास के स्थानों के उत्पाद को बेचने की अनुमति होती थी। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। अब सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत, राज्य सरकार से संबंधित संस्थाओं को भी स्टेशन पर अपने उत्पाद बेचने की अनुमति मिलेगी।

**कम किराये में मिलेगा स्टाल:** इस योजना के तहत बड़े स्टेशनों पर 15 दिनों के लिए एक हजार रुपये और छोटे स्टेशनों पर पांच सौ रुपये किराया पर स्टाल आवंटित किया जाता है। पहले दस करोड़ से ज्यादा प्रति वर्ष आय वाले स्टेशनों को बड़े स्टेशनों की श्रेणी में रखा गया था। अब एक सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की आय वाले स्टेशनों को इस श्रेणी में रखा गया है। इससे कम आय वाले स्टेशन पर मात्र पांच सौ रुपये किराया पर 15 दिनों के लिए स्टाल आवंटित कर दिया जाएगा। पहले खपत के अनुसार बिजली बिल वसूला जाता था लेकिन अब 20 यूनिट बिजली के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# साध्वी ऋतंभरा ने किए खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जीटी** करनाल रोड स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंची साध्वी ऋतंभरा ने पूरे मंदिर की परिक्रमा की और कहा कि खाटू श्याम जी के दर्शन करके आज मेरा हृदय गदगद हो गया और इस अलौकिक दर्शन से मेरे हृदय में नई ऊर्जा समाहित हो गई। मैं यहां बार-बार आना चाहूंगी। जीटी करनाल रोड़ स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में समाजसेवी महावीर गोयल की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंची साध्वी ऋतंभरा ने खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी के साथ पूरे मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान घनश्याम गुप्ता जावेरी ने शक्तिपीठ गुफा दर्शन नगाड़े की







विशेषताएं बताई साध्वी ऋतंभरा ने घनश्याम गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा धाम देख कर मन खुश हो गया। मैं यहां बार-बार आना चाहूंगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं देख रही हूं कि लोग लाइनों में लगे हैं लेकिन उन सबके चेहरे पर एक खुशी है। कोई परेशानी नहीं है सब खुशी से लाइन में लगे हैं ताकि वह अपने भगवान के दर्शन अच्छी तरह कर सके। यहाँ की व्यवस्था देख कर मैं बहुत खुश हूं। घनश्याम गुप्ता जावेरी ने कहा कि खाटू श्याम दिल्ली धाम एक ऐसा धाम बन गया है जहां पर अलौकिक दर्शन तो होंगे ही साथ ही खाने-पीने, शौचालय आदि का भी उचित इंतजाम किया गया है, ताकि सभी भक्तों को पूरी सुविधा मिल सके। इस अवसर पर खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी, राष्ट्रीय महामंत्री पवन सिंघल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, युवा वाइस चेयरमैन विनय सिंघल, विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला मंत्री राजेश जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, सेवा प्रमुख नरेश भारद्वाज, वात्सल्य सेवा समिति उत्तर पश्चिम संरक्षक जयभगवान अग्रवाल, महामंत्री सुमित वर्मा, कोषाध्यक्ष अंकुर गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी व सदस्य दीपक सैनी मौजूद रहे।

# पार्क में पड़े लम्बित कार्य जल्द पूरे हो: सत्यपाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विकास प्रधिकरण के सिविल विभाग द्वारा शालीमार बाग के विभिन्न जिला पार्कों में स्टील की ग्रिल लगाई जा रही है, जिसको केवल फिजूल खर्च ही कहा जायेगा। राम सरूप ठाकुर दास वाला जिला पार्क में तो टायलेट ब्लॉक पर जाने वाले दोनो रास्तो पर स्टील की ग्रिल लगाई गई है। उक्त जानकारी जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने आगे बताया कि डीडीए द्वारा अपने पार्कों में जो काम करवाने चाहिए वो नहीं हो रहे है। श्री शर्मा ने बताया कि पार्क में सूखे पेड़ो को हटवाना, बेंचों के नीचे पक्के प्लेटफार्म का निर्माण, टूटे जिम की देख-रेख, गड्डो को ठीक करवाना आदि कार्य लम्बित है। मगर अफसर अपने मनपंसद कार्य पूरा करवाने में व्यस्त है। एलजी से श्री शर्मा ने अपील की है कि जो पार्क में मुख्य कार्य है उन्हें करवाया जाये। फिजूल खर्च को रोका जाये।

# मामले की सुनवाई अब 30 जून को होगी: कालका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**1984 के** सिख नरसंहार के दौरान गुरुद्वारा पुल बंगश में तीन सिखों की हत्या के मुख्य आरोपी कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के मामले की सुनवाई आज एडिशनल सेशन जज न्यायमूर्ति विन्नी गुप्ता की अदालत में हुई।
इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में कमेटी की टीम सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंची।
सुनवाई के बाद मीडिया से बात करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका व सरदार जगदीप सिंह



काहलों ने कहा कि आज एडिशनल सेशन जज न्यायमूर्ति विन्नी गुप्ता की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान माननीय न्यायाधीश ने कहा कि फाइल उनके पास कुछ समय पहले पहुंची है इसलिए उन्हें फाइल अभी पढ़ना बाकी है व अगली सुनवाई के लिए 30 जून की तारीख तय की गई है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में हम कोर्ट से जगदीश टाइटलर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करेंगे। पिछले 39 सालों से उसने काफी आराम किया है और अब जेल जाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बार-बार क्लोजर रिपोर्ट दायर की गई, लेकिन दिल्ली कमेटी की वर्तमान टीम ने मामले के मुख्य गवाहों को बहुत मेहनत से राजी किया तथा इनके बयान धारा 164 के तहत दर्ज किए गए और फिर सीबीआई ने जांच पूरी कर चार्जशीट सौंपी।
उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जगदीश टाइटलर को फांसी नहीं हुई तो उम्रकैद अवश्य होगी।



भारतीय अटल सेना (राष्ट्रवादी) जयपुर राजस्थान द्वारा जोधपुर राजस्थान में आयोजित किए गए अटल कर्म योगी अवार्ड सम्मान समारोह-2023 के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपना अमूल्य योगदान देने पर अटल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विष्णु सिंह जादौन द्वारा अस्थायी दिल्ली प्रवास के दौरान डॉक्टर विनय कंसल पर्यावरणविद दिल्ली को अटल कर्मवीर अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया। जिसमें शील्ड और सम्मान पत्र भेंट किया गया।

# मई में माल ढुलाई से भारतीय रेलवे की कमाई 4 प्रतिशत बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** रेलवे ने इस साल मई माह में माल ढुलाई से 14,642 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है जो गत वर्ष इसी महीने के मुकाबले 4 प्रतिशत अधिक है। रेलवे को मई 2022 में माल ढुलाई से 14083.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। भारतीय रेलवे ने गुरुवार को कहा कि मई 2023 में 134 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की, पिछले वर्ष मई महीने में 131.50 मीट्रिक टन की माल ढुलाई हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में माल की ढुलाई में लगभग 2 प्रतिशत का सुधार हुआ है। मई 2022 में माल ढुलाई से 14083.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि मई 2023 में यह लगभग चार प्रतिशत बढ़कर 14,641.83 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष अप्रैल-मई में 253.48 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की गई। इस वर्ष अप्रैल-मई 2023 तक संचयी आधार पर 260.28 मीट्रिक टन माल ढुलाई हुई, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 3 प्रतिशत का सुधार दशार्ती है। रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष आय में 5 प्रतिशत का सुधार किया। 2022 में रेलवे ने 27,066.42 करोड़ रुपये की आय अर्जित की थी, जो इस वर्ष बढ़कर 28,512.46 करोड़ रुपये हो गई है।



केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ 11 जून को आयोजित होने वाली महारैली की तैयारी को लेकर वजीरपुर वार्ड में लोगों को जागरूक करते हुए निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी।

# क्षेत्र के विकास पर दे रहा हूं ध्यान: अजीत यादव





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा जहांगीरपुरी के मंगल बाजार रोड, कुशल सिनेमा वाले रोड, सी डी पार्क रोड़ और क्षेत्र के मेन मार्किट व गलियों में सफाई अभियान चलाया गया।
साथ ही कीटनाशक दवाईयों का भी छिड़काव कराया गया। इस मौके पर भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मलेरिया विभाग की टीम के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि अपने घर की छतों पर पड़े टूट बर्तनों में बरसात का पानी न एकत्रित होने दे और कूलर की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य ही करें। जिससे की आप स्वस्थ्य रहे। साथ ही घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# टिम्सी शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनीं समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड-18 (जहांगीर पुरी) में सफाई अभियान लगातार जारी है। पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन अपने क्षेत्र में अपनी उपस्थिति में सफाई करवा रही हूं। ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रही हूं और समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।
उन्होंने आगे बताया कि आज मैंने क्षेत्र का दौरा किया है और जनता की जो भी समस्याएं थी उसको सुन कर जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया है ताकि जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीटीसी कर्मचारियों की पेंशन तुरंत प्रभाव से जारी करें केजरीवाल: हरी शंकर गुप्ता

## केजरीवाल सरकार की नाकामी के कारण डीटीसी रिटायर्ड कर्मचारी अपनी पेंशन की मांग के लिए दर-दर भटक रहे हैं: डॉक्टर नरेश कुमार

**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की असंवेदनशीलता के कारण डीटीसी के 14000 रिटायर्ड कर्मचारियों को पिछले 3 महीनों से पेन्शन नहीं मिलना और पिछले कई वर्षों से दिल्ली के पेंशनधारियों को मेडिकल भत्ता पूरी तरह से बंद करना गरीब वृद्धों के खिलाफ कार्यवाही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की दिल्ली सरकार ने तुरंत डीटीसी कर्मचारियों की पेन्शन जारी नहीं की तो दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी धरना देकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी।
संवाददाता सम्मेलन में वजीरपुर क्षेत्र से पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता के साथ प्रवक्ता डा. नरेश कुमार, हरी नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश, रिटायर्ड डीटीसी कर्मचारी 85 वर्षीय देवेन्द्र




नाथ अरोड़ा व अन्य रिटायर्ड कर्मचारी भी मौजूद थे। हरी शंकर गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का दृष्टिकोण पिछले सालों में बदला गया है, दिल्ली को अनाथ छोड़कर विकास की ओर ध्यान देने की बजाय जहां एक ओर केजरीवाल प्रतिद्वंदी राजनीति के तहत बेबुनियाद अधिकारों की लड़ाई में व्यस्त है वहीं दूसरी ओर वे अन्य राज्यों राजनीतिक जमीन तलाशने में भी व्यस्त है। उन्होंने कहा कि 30-30 वर्ष से रिटायर्ड कर्मचारियों को पेन्शन नहीं मिलेगी तो उनका खर्चा कैसे चलेगा।
उन्होंने कहा कि वृद्ध डीटीसी कर्मचारी परिवहन मंत्री कैलाश गहलोट सहित अलग-अलग मंत्रियों के दरवाजे खटखटा रहे है परंतु इनकी पेंशन जारी करने के संबध में कोई नहीं सुन रहा है।
उन्होंने कहा कि यही नहीं दिल्ली सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली एक भी नई पेंशन न लागू करना केजरीवाल सरकार विफलता है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि यदि तुरंत प्रभाव से पेंशन लागू नहीं की गई तो केजरीवाल सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज यदि दिल्ली में कांग्रेस की शीला सरकार होती तो पेंशन की समस्या पैदा नहीं होती, क्योंकि कांग्रेस हमेशा कर्मचारियों व पेंशन धारियों के हित में काम करती है।
प्रदेश प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने कहा कि 80-85 वर्षीय डीटीसी रिटायर्ड कर्मचारी अपनी पेंशन की मांग के लिए दर-दर भटक रहे है परंतु केजरीवाल सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत दिल्ली देहात के होने के बावजूद इन 30 वर्षों से पेंशन ले रहे डीटीसी कर्मचारियों की 3 महीनों से रुकी पेंशन पर कोई ध्यान नही दे रहे है।
उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी डीटीसी कर्मचारियों के पेंशन बंद हुई थी तब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में आंदोलन चलाने के बाद केजरीवाल ने तुरंत प्रभाव से रुकी हुई पेंशन जारी की थी।
उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से हम मांग करते हैं कि तुरंत प्रभाव से डीटीसी कर्मचारियों की रुकी हुई पेंशन जारी की जाए।

# पंजाब में 88 प्रतिशत घरों में बिजली का बिल नहीं आता: भगवंत मान

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने वीरवार को हरियाणा के जींद में तिरंगा यात्रा एवं मेगा रोड़ शो निकाला। तिरंगा यात्रा और रोड शो में में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक जींद पहुंचे। इस दौरान पूरा शहर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों से भर गया। शहर के हर चौक चौराहे पर समर्थकों की भारी भीड़ रही। समर्थकों ने अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के स्वागत में शहर में जगह-जगह तोरण द्वार लगाए। वहीं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक भी रोड शो के लिए पहुंचे। तिरंगा यात्रा को लेकर पार्टी के आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट





अनुराग ढांडा, प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर, राष्ट्रीय ज्वाइंट सेक्रेटरी मंत्री निर्मल सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा सहित अन्य वरिष्ठ नेता एक सप्ताह पहले से ही जींद में जुटे रहे। भारत माता की जय और इंकलाब के नारों के साथ जींद शहर आप मय हो गया। इसमें हजारों की संख्या में पहुंचे जनसैलाब ने सत्ता परिवर्तन का संकल्प लिया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारत माता की जय के नारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने सीएम खट्टर पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने एक वीडियो देखा जिसमें एक किसान मुख्यमंत्री खट्टर से बिजली को 8 घंटे से 12 घंटे देने की बात कर रहा है। जिस पर खट्टर साहब कहते हैं कि नहीं होगी, नहीं होगी, नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार होगी। उस दिन से हरियाणा में 24 घंटे फ्री बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये पार्टियां भ्रष्टाचारी हैं, इसलिए 24 घंटे बिजली नहीं देती। इस बार सारे रिश्तेदार मिलकर झाड़ू चलाएंगे और इन भ्रष्टाचारी पार्टियों का सफाया करेंगे।

**दिल्ली मेरी कर्मभूमि और हरियाणा जन्मभूमि : अरविंद केजरीवाल**
उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर तिरंगे की लाज रखनी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा मेरी जन्मभूमि और दिल्ली मेरी कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद लोगों में कोई मेरा चाचा है, कोई ताऊ है। कोई मेरा चचेरा भाई है, कोई मेरा ममेरा भाई है तो कोई दूर का रिश्तेदार है। 25 साल कांग्रेस का राज रहा, 9 साल बीजेपी को हो गए, कोई एक अच्छा काम किया तो बताओः अरविंद केजरीवाल
अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा में 25 साल कांग्रेस का राज रहा और 9 साल बीजेपी का राज रहा। उन्होंने कहा कि कोई एक काम बता दो, जिसे भाजपा ने किया हो या कांग्रेस ने किया हो। बिजली, पानी, सिंचाई की कोई सुविधा नहीं दी। स्कूल या अस्पताल भी नहीं बनवाया तो फिर क्यों इनको वोट दे रहे हो। उन्होंने कहा कि अब तक मजबूरी थी कि कांग्रेस से नाराज होकर भाजपा को वोट दे दिए और भाजपा से नाराज होकर कांग्रेस को वोट दे दिए। अब तीसरा विकल्प आम आदमी पार्टी के रूप में लोगों के सामने आ गया है। अगर जनता उन्हें एक मौका दे देगी तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का काम करेंगे। प्राइवेट स्कूलों की गुंडागर्दी खत्म कर देंगे।

**मेरे को एक मौका दो, आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे, अच्छे स्कूल बनाएंगेः अरविंद केजरीवाल**
उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे को एक मौका दो, आपके बच्चों को अच्छे शिक्षा देंगे, अच्छे स्कूल बनाएंगे। गरीबों के बच्चे सरकारी स्कूलों में जाते हैं। सरकारी स्कूलों को ठीक करेंगे, प्राइवेट स्कूलों भी नाजायज फीस बढ़ाते हैं। उनको भी ठीक करेंगे।

**हम बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे, न कांग्रेस देगी, न बीजेपी देगीः अरविंद केजरीवाल**
अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा केवल आम आदमी पार्टी देगी। न कांग्रेस देगी, न बीजेपी देगी। उन्होंने जनता के पूछा कि यहां कौन कौन बेरोजगार हैं। तो जनता में से सैंकड़ों हाथ ऊपर उठ गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 12 लाख बच्चों को नौकरी दिलवाई।

**पंजाब में 30 हजार सरकारी नौकरी और तीन लाख प्राइवेट दीः अरविंद केजरीवाल**
अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी। वहीं, जल्द ही 3 लाख प्राइवेट नौकरी युवाओं को दी।

**कांग्रेस-बीजेपी न रोजगार देंगे, न अच्छी शिक्षा देंगेः अरविंद केजरीवाल**
अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस वाले और बीजेपी वाले न अच्छी शिक्षा देंगे न रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर ने हरियाणा में बेरोजगारी को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मैं आपके घर की बात करूंगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार की सुरक्षा बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं आम नागरिक: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में आम नागरिकों से केंद्र सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। डीसी ने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन दोनों योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर 2 लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी ने आगे बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीमें क्रियान्वित की जा रही हैं। बता दें कि सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। इस योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से सम्पर्क करें।

### आज शुरू होगा "सेल्फी विद डॉटर" अभियान

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शुक्रवार को "सेल्फी विद डॉटर" अभियान की शुरूआत करेगा। यह अभियान समाज में बेटियों के प्रति सोच बदलने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। इस बार का "सेल्फी विद डॉटर" अभियान दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा। इस समारोह में दिव्यांग बेटियों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक शपथ भी दिलाई जाएगी। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कुलपति डॉ. राज नेहरू समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### फरीदाबाद में शख्स की लात-घूसों से पीट-पीटकर हत्या, पड़ोसी पर लगा आरोप

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद की राहुल कॉलोनी में अमर सिंह नाम के व्यक्ति की लात-घूसों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पड़ोस में रहने वाले महेंद्र नाम के व्यक्ति पर हत्या का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, अमर सिंह का दामाद महेंद्र की दुकान पर काम करता था। पिछले कुछ दिन से वह गायब था। अमर सिंह ने महेंद्र से उसके बारे में पूछताछ की तो गुस्से में उसने उसे लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। बताया जा रहा है कि इस दौरान लगी चोटों के कारण अमर सिंह की मौत हो गई।

### एसएसए यूनिर्वसिटी व काऊसिंल आफ भारतीय स्कूल एजुकेशन ने अधिवक्ताओं

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड यूएसए ने भारत में पहली बार काऊसिंल आफ भारतीय स्कूल एजुकेशन (कोबसे) के साथ मिलकर हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरिमनी का आयोजन होटल डायमंड इन में किया। काऊसिंल आफ भारतीय स्कूल एजुकेशन के सचिव डा.राजेश मदान एडवोकेट और समाजसेवी डॉ तरुण अरोड़ा एडवोकेट ने इस कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद में करवाया। इस अवसर पर एसएसए यूनिर्वसिटी में जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान राजेश बैंसला, साकेत बार एसोसिशन दिल्ली के प्रधान विनोद शर्मा, नई दिल्ली बार एसोसिएशन पटियाला हाऊस के प्रधान जगदीप वत्स, शाहदरा बार एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण चौधरी व दिल्ली बार एसोसिएशन तीस हजारी के महासचिव अतुल कुमार शर्मा को हॉनररी पीएचडी देकर डाक्टर की उपाधि से नवाजा।

## एनसीसी कैडेट्स का किया गया मार्गदर्शन

**राई।** मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय राई में 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण कैंप के चौथे दिन एनसीसी कैडेट्स को वेपन ट्रेनिंग के दौरान 0.22 राइफल, 7.62 एमएम एसएलआर राइफल, 7.62 एलएमजी तथा 5.56 एमएम इंसास राईफल के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। कैडेट्स को मैप रीडिंग की विस्तार से जानकारी दी गई। एनसीसी कैडेट्स को सेना के द्वारा इस्तेमाल किए जानें वाले नक्शों को पढने के तरीके तथा विभिन्न स्थानों को नक्शों ढूंढने का अभ्यास करवाया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल अनिल यादव ने एनसीसी कैडेट्स को अपनी पर्सनैलिटी तथा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन स्किल को निखारने के लिए मार्गदर्शन किया।

## उपायुक्त ने ली प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया / फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मछली पालन विभाग द्वारा मछली पालन के क्षेत्र में भी नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं और नई-नई तकनीक के जरिए मछली पालन किया जा रहा है, जिसका फायदा किसानों को मिल रहा है। उपायुक्त विक्रम सिंह आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना बैठक में मत्स्य पालन और अन्य विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम कहाकि मछली पालन का व्यवसाय



काफी तेजी से बढ़ रहा है। किसान अब खेती के साथ-साथ इस व्यवसाय को भी अपना रहे हैं और यह व्यवसाय किसानों की आमदनी को दोगुना करने में कारगर साबित हो रहा है। मत्स्य पालन व्यवसाय जिला फरीदाबाद के मत्स्य पालक किसानों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा। जिला में अनेक मत्स्य पालक किसान इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। विभाग द्वारा मत्स्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से मछली पालकों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। सरकार द्वारा जिला फरीदाबाद में मत्स्य पालकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उन्हें पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य पालकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। जिसके लिए किसान जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। जिला मत्स्य अधिकारी रीटा ने बताया कि उन्होंने बताया कि मछली पालन में लागत कम है और मुनाफा अधिक है। मत्स्य किसानों को 20 हजार रुपए का जाल खरीदने पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। मत्स्य पालन के लिए विभाग द्वारा रियरिंग पोंड के लिए अनुमानित लागत सात लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत सभी वर्गों की महिलाओं व अनुसूचित जाति को तथा सामान्य व ओबीसी को 40 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि यदि कोई बेरोजगार युवक मछलियों की बिक्री के लिए ऑटो रिक्शा खरीदता है तो उसे विभाग साठ प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप प्रदान की जाती है।

## नाफसा में मानव रचना से कर्नल गिरिश शर्मा बने भारतीय दल का हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया / फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।** वाशिंगटन में हुए 75वें नाफसा वार्षिक सम्मेलन और एक्सपो में जिले के मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) में योजना व समन्वय निदेशक और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा केंद्र के कार्यकारी निदेशक कर्नल गिरीश कुमार शर्मा ने भी विचार रखे। 30 मई से दो जून तक आयोजित हुए इस अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में कर्नल गिरिश भारतीय प्रतिनिधि दल का हिस्सा रहे।

इस सम्मेलन में 100 से ज्यादा देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों से शिक्षाविद् शामिल हुए



थे, जिनमें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रो.टीजी सीताराम के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल मंडल के 50 सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया। एजुकेशन प्रमोशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (ईपीएसआई) की ओर से सम्मेलन में भारतीय पवेलियन लगाया गया था।

## इंटरनेट बोर कर रही मशीन ने तोड़ी पेयजल आपूर्ति लाईन

**गन्नौरः** गढ़ी -ं-ाारा रोड पर बीती रात इंटरनेट की लाईन का जमीन में बोर कर रही मशीन ने पेयजल आपूर्ति लाईन को तोड़ दिया। जिस कारण सुबह के समय सड़क पर पानी भरने के साथ आगे की जलापूर्ति प्रभावित रही। गली के लोगों ने आपूर्ति लाईन के लीक होने की सूचना विभाग को दी। समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति लाईन को ठीक नही किया गया था। स्थानीय वासी सुरेश, रणबीर ने बताया कि रात के समय कंपनी के कर्मचारी मशीन से बोर कर रहे थे तो उस समय हादसा हुआ। सुबह देखा तो मशीन की जगह पर पेयजल आपूर्ति से पानी निकलने लगा। जिससे उनके क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही।

## यमुना लिंक नहर में नहर में उतरे युवक का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** आहुलाना गांव के पास बुधवार को पश्चिमी यमुना लिंक नहर में नहाते हुए युवक का वीरवार को कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने युवक की तलाश के लिए यमुनानगर से 5 गोताखोर की प्राइवेट टीम व नाव को बुलाया। खुबडू चौकी प्रभारी के नेतृत्व में हवलदार बिजेंद्र व उनकी टीम व्यक्ति के डूबने के बाद उनकी तलाश में जुटे हैं। समाचार लिखे जाने तक उनका कोई पता नहीं चल पाया था। बुधवार की दोपहर बाद को पुलिस चौकी में स्थानीय लोगों ने व्यक्ति के डूबने की सूचना खुबडू झाल चौकी पुलिस को दी थी। सूचना पर खुबडू झाल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची ओर आस-पास के लोगो की मदद से व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी थी। ज्ञात रहे कि नहर में डूबे युवक सादाबाद, हाथरस यूपी का रहने वाला 31 वर्षीय अजीत सिंह हाल में पांची गुजरान में किराये पर रहता था और फैक्ट्री में काम करता था। वह दो अपने दोस्तों के साथ आहुलाना नहर पर नहाने गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले उन्होंने नहर के किनारे बैठ कर शराब का सेवन किया और उसके बाद नहर में नहाने लग गए। इस दौरान पानी का बहाव तेज होने से अजित नहर में डूब गया। इसके बाद उसके दोनों साथी वहां से भाग गए।

**पुलिस को छोड़कर कोई उच्च प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा**
प्रत्यक्षर्शियों ने बताया कि वीरवार को दोपहर करीब 3 बजे तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी डूबे हुए युवक की तलाश करवाने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा था पुलिस टीम अपने गोताखोरों के साथ कार्रवाई कर रही थी। पुलिस के साथ गोताखोरों ने युवक के शव की आहुलाना नहर के पुल के पास से लेकर चौकी तक तलाश की ।

## 'खेल से शारीरिक व मानसिक तौर पर होते है सुदृढ़'

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
सोनीपत के कामी रोड़ स्तिथ एस के फिटनेस सेन्टर पर एशियन स्पोर्ट्स एसोसिएशन हल्क मिस्टर इंडिया चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान हुआ। कार्यक्रम मनीष पहलवान द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर बीजेपी प्रवक्ता व सीएम विंडो के समाधान सहयोगी तरुण देवीदास ने शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता एस के जिम के संचालक मनीष पहलवान ने तरुण को पगड़ी पहनाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया गया।
तरुण ने कार्यक्रम में पहलवानों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी हौसला अफजाई की । नजफगढ़ में हुई



प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ी जुड़े जिसमें दिल्ली , हरियाणा , पंजाब , हिमाचल , यूपी, उत्तराखंड , मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, सिक्किम ,कर्नाटका और राजस्थान के खिलाड़ियों ने भाग लिया ।
तरुण ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में खेलों का बहुत बड़ा महत्व है । खेल से शारीरिक व मानसिक तौर पर सुदृढ़ होते हैं । उन्होंने कहा सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना बहुत जरूरी है। चुनौती हर क्षेत्र में है इससे घबराए नहीं बल्कि भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करे। आशावादी व्यक्ति एक दिन अवश्य अपने लक्ष्य को हासिल करता है। हमें अपने जीवन का लक्ष्य तय करने, उसे पाने के लिए मेहनत, लगन, धैर्य एवं अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन में अपनाना चाहिए। तरुण ने इस बेहतरीन आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी । एस के जिम के संचालक मनीष पहलवान ने बताया कि नजफगढ़ में हुई प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 75 से 85 वर्ग में सागर शर्मा ने प्राप्त किया। जबकि सीनियर 120 से ज्यादा केटेगरी में प्रथम पुरस्कार भूपेंद्र खत्री ने जीता। 65 से 75 वर्ग में अनुज कुमार ने टीन एज ( किशोरावस्था) में प्राप्त किया। द्वितीय पुरुस्कार सीनियर केटेगरी में 75 से 85 वर्ग में गौरव वर्मा ने जीता जबकि तृतीय पुरुस्कार45 से 55 केटेगरी में सचिन कुमार ने जीता।

## 'हर माह फ्री में की जा रही है 25000 क्विंटल गेहूं व 1300 क्विंटल चीनी लाभार्थियों को वितरित'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय मंत्री भारत सरकार कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में हर माह फ्री में लगभग 25000 क्विंटल गेहूं व 1300 क्विंटल चीनी बीपीएल परिवारों के लाभार्थियों में वितरित किया जा रहा है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश में बीपीएल परिवारों के 80,000 करोड़ लोगों को कोरोना की महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन देने का काम किया है। वहीं हर बीपीएल परिवार के व्यक्ति को प्रतिमाह ?2 किलो गेहूं तथा ?3 किलो चावल दिया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर बल्लभगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित



लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके 10 गरीब परिवारों को बीपीएल कार्ड वितरित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण मुफ्त योजना के तहत कोरोना की महामारी के समय 2020 से इस योजना के तहत प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं महा बार 35 किलो अनाज प्रीति बीपीएल परिवार को 80,000 करोड़ लोगों को कोरोना की महामारी के दौरान गरीब लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों को मुफ्त में राशन दिया गया।उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण मुफ्त अन्न योजना शुरू की गई है । इस योजना के तहत हर बीपीएल परिवार के व्यक्ति को प्रतिमाह ?2 किलो गेहूं तथा ?3 किलो चावल दिया जा रहा है।केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में जिला फरीदाबाद में कुल 185718 राशन कार्ड बनाए गए हैं। जिनमें 743033 सदस्य हैं। जिनमें से 178859 बीपीएल राशन कार्ड व 6859 ए ए वाई श्रेणी के राशन कार्ड बनाए गए हैं । जो कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) प्रणाली से सत्यापित डाटा के आधार पर लाभार्थी परिवारों को घर बैठे प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इन सभी लाभार्थियों को माह जनवरी 2023 से राशन वितरण प्रारंभ कर दिया गया था ।वर्तमान में बीपीएल कार्ड धारकों को एन एफ एस ए के तहत 5 किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति व ए ए वाई कार्ड धारकों को 35 किलोग्राम गेहूं प्रति राशन कार्ड फ्री में और 1 किलोग्राम चीनी ऑनलाइन पीओएस मशीन द्वारा वितरित की जा रही है। फरीदाबाद में हर माह लगभग 25000 क्विंटल गेहूं व 1300 क्विंटल चीनी फ्री में इन सभी लाभार्थियों को वितरित की जा रही है। इस अवसर पर उनके साथ विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता टिप्पर चंद शर्मा, एसडीएम त्रिलोकचंद, जयवीर खटाना, दीपक यादव, लखन बेनीवाल, महेश गोयल, हरप्रसाद गॉड पार्षद इत्यादि नागरिक उपस्थित थे।

## 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि आज से खेल परिसर में तीन दिवसीय शुरूआत होगी। बता दें कि 09 से 11.06.2023 प्रातः 6:00 से 7:30बजे तक खेल परिसर, सेक्टर-12, फरीदाबाद में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो रही जिसमें फरीदाबाद के सभी अधिकारी अपने अधीस्थ कर्मचारियों के साथ भाग लेंगे।



जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मोनीषा लांबा एवं श्री जयपाल शास्त्री, सदस्य हरियाणा की द्वारा बीती 07.06.2023 को आयुष योग सहायकों एवं जिला की योग से जुड़ी संस्थाओं के साथ अंतर्राष्टीय योग दिवस सफल आयोजन से संबध में बैठक कि जिसमें मिशन जागृति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि, जय बाबा बफार्नी योग संस्थान आदि के सदस्य उपस्थित हुए।

